डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति शब्द 2 रुपये | पंजीयन, भोपाल | 30.12.2022 से 31.01.2023 | वर्ष 30 | अंक 3 | मूल्य 5.00 रुपये

नीति आयोग शासी परिषद की बैठक

भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में मध्यप्रदेश देगा 550 बिलियन डॉलर का योगदान

नई दिल्ली, भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लिए मध्यप्रदेश द्वारा 550 बिलियन डॉलर का योगदान दिया जायेगा। मध्यप्रदेश 21वीं सदी के आत्मनिर्भर भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के व्यापक विजन को ध्यान में रखकर आगे बढ़ रहा है। एक भारत-श्रेष्ठ भारत के निर्माण में नीति आयोग की बड़ी भूमिका है। नीति आयोग किस तरह राज्यों की ताकत बनता है, मध्यप्रदेश उसका ज्वलंत उदाहरण है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में नीति आयोग की शासी परिषद की 7वीं बैठक को संबोधित करते हुये कहीं। बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने की।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हुये।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के फसल विविधीकरण दृष्टिकोण से प्रेरणा लेते हुए प्रदेश में सरसों और ग्रीष्मकालीन मूंग के रकबे में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में गेहूं और धान के स्थान पर कृषि विविधीकरण प्रोत्साहन योजना के माध्यम से दाल, रागी, जौ, मोटे अनाज, कोदो-कुटकी, रामतिल, तिल, मसाले, औषधीय फसलें, फलों और सब्जियों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस योजना में आईटीसी, पतंजलि, देहात जैसी प्राइवेट कम्पनियों से एक लाख 86 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में कृषि विविधीकरण में 13 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से दो प्रस्तावों को स्वीकृति दे दी गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा देवारण्य योजना प्रारंभ की गई है, जिसमें तीन वर्षों में 10 हजार हेक्टेयर भूमि में औषधीय पौधों का उत्पादन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पिछले पांच सालों में प्रदेश में 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में मिशन मोड में बांस उत्पादन किया गया है।

तेजी से आगे बढ़ता मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में वर्ष 2020 में ही आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का रोडमैप विकसित कर लिया गया था। मध्यप्रदेश ने वर्ष 2021-22 में 19.74 प्रतिशत की विकास दर हासिल की है। श्री चौहान ने बताया कि रोज़गार हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है और अगले एक वर्ष में एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती की जायेगी। उन्होंने बताया कि हितग्राहीमूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत सेचुरेशन के लिए विशेष अभियान चलाये जायेंगे।

सुशासन के क्षेत्र में विशेष पहल

श्री चौहान ने मध्यप्रदेश में सुशासन की दिशा में की जा रही पहलों की जानकारी देते हुए बताया कि देश में पहली बार प्रदेश में राज्य सांख्यिकी आयोग का गठन किया गया है, जिसके द्वारा विकासखण्ड से लेकर राज्य स्तर तक आंकड़ों को एकत्र करने और उनका विश्लेषण करने का कार्य किया जायेगा। मध्यप्रदेश नीति एवं योजना आयोग में विभिन्न योजनाओं के प्रभाव आकलन के लिये विशेष कदम उठाये गये हैं।

डिजिटल एग्रीकल्चर के प्रयोग

खेती में आधुनिक तकनीक के उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि फसल बीमा पंजीयन को राज्य के लैण्ड रिकॉर्ड से जोड़ा गया है, जिससे ओवर और डुप्लीकेट इन्श्योरेंस को रोकने में सफलता मिली है। साथ ही बीमा भुगतान में उपज आकलन के लिए सैटेलाइट आधारित रिमोट सेंसिंग तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। प्रौद्योगिकी के इन प्रभावी उपयोग से कृषि सेक्टर में लगभग 2500 करोड़ रुपये की बचत संभावित है। किसानों और राजस्व अमले की सुविधा के लिए ई-गिरदावरी एप्लीकेशन लागू कर दिया गया है। किसानों को अपनी उपज का विक्रय उचित मूल्य पर करने के लिए 'फार्म गेट एप' भी विकसित किया गया है।

स्कूल शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2021 के राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे में मध्यप्रदेश बड़ी छलांग लगाकर देश में 5वें स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में एडाप्ट एन आंगनवाड़ी अभियान से आंगनवाड़ियों के कायाकल्प में जनता को जोड़ने का सफल अभियान चलाया जा रहा है। जहां एक ओर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्री-प्राइमरी शिक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर उच्च गुणवत्ता वाले 9200 सी.एम. राइज स्कूल खोले जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश में पिछले वित्त वर्ष में लगभग 18 हजार 500 स्कूल शिक्षकों की भर्ती की गई है।

उच्च शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन

मुख्यमंत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश में मातृभाषा में अध्ययन और अध्यापन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज में सत्र 2022-23 से एमबीबीएस की पढ़ाई हिन्दी माध्यम में प्रारम्भ की जा रही है। साथ ही प्रदेश के 6 इंजीनियरिंग कॉलेजों में बी.टेक. कार्यक्रम और 6 पॉलीटेक्निक कॉलेजों में डिप्लोमा पाठ्यक्रम की हिन्दी में पढ़ाई की व्यवस्था कर दी गई है।

श्री चौहान ने बताया कि नगरीय निकाय स्वच्छता का कीर्तिमान रच रहे हैं। नगरीय निकायों के वित्तीय प्रबंधन के बारे में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में लगभग 600 करोड़ रुपये की अनुपयोगी सम्पत्तियों को चिन्हित कर मॉनेटाइज किया जा चुका है। जीआईएस और अन्य तकनीकों का उपयोग कर सभी शहरों में विकास योजना तैयार की जा रही है और पी.एम. गतिशक्ति में मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम और लॉजिस्टिक हब तैयार करने का कार्य भी प्रारम्भ किया जा चुका है।

खास खबर

पांच लाख से अधिक लोग ऊर्जा साक्षरता अभियान से जुड़े

भोपाल, ऊर्जा के व्यय, अपव्यय के प्रति लोगों में समझ विकसित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा आरंभ किये गये ऊर्जा साक्षरता अभियान में पांच लाख से अधिक लोगों ने पंजीयन कराया है। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग ने पंजीकृत लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संरक्षण के साथ पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में दिये गये योगदान के लिये सभी धन्यवाद के पात्र हैं। बिजली बनाने से कहीं अधिक महत्वपूर्ण बिजली को बचाना है।

श्री डंग ने कहा कि बिजली बनाने में उपयोग होने वाले कोयले से कार्बन-डाई-ऑक्साइड उत्पन्न होती है, वहीं बचाई गई बिजली प्रदेश के विकास में सहायक बनती है।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

मुख्यमंत्री की महिला स्व-सहायता समूहों से चर्चा

आजीविका मिशन ने बदली ग्रामीण मध्यप्रदेश की जिन्दगी

भोपाल, मैं आजीविका मिशन की दीदियों की जिन्दगी बदलना चाहता हूं, क्योंकि उन्होंने ग्रामीण मध्यप्रदेश की जिन्दगी बदल दी है। अब स्व-सहायता समूह से जुड़ी दीदियां किसी की मदद की मोहताज नहीं हैं। मिशन इस उद्देश्य से आरंभ किया गया था कि महिलाओं को अधिकार भी मिलें और उनकी जिन्दगी भी बदले। हमारा उद्देश्य है कि स्व-सहायता समूह से जुड़ी प्रत्येक महिला को घर का काम और बच्चों का लालन-पालन करते हुए प्रतिमाह 10 हजार रुपये की आय हो। पिछले वर्ष स्व-सहायता समूहों के लिए 1500 करोड़ रुपये का बैंक लिंकेज उपलब्ध कराया गया था। इस वर्ष 3 हजार करोड़ रुपये की बैंक लिंकेज का लक्ष्य है। समूह की दीदियां अपने उत्पाद को जेम पोर्टल पर अवश्य रजिस्टर कराएं। हमारा प्रयास है कि उनके उत्पादों की भारत ही नहीं दूसरे देशों में भी मांग हो। राज्य सरकार उत्पादों की ब्रांडिंग में भी हरसंभव सहायता उपलब्ध कराएगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में महिला स्व-सहायता समूहों की बहनों के साथ चर्चा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'दीदियों के उत्साह को देखकर लगता है कि उनके भरोसे ही मैं मध्यप्रदेश बदल दूंगा।' दीदियों द्वारा स्व-सहायता समूह के माध्यम से उद्यमिता के साथ स्वच्छता, स्वास्थ्य, पोषण, पढ़ाई-लिखाई, पर्यावरण और पंचायतों में किए जा रहे कार्य से जीवन के हर क्षेत्र में बदलाव आ रहा है। हाल ही में हुए पंचायत चुनाव में स्व-सहायता समूह की लगभग 17 हजार महिलाएं पंच, सरपंच, जनपद और जिला पंचायत सदस्य के पदों पर निर्वाचित हुई हैं। यह बदलाव अपने आप में क्रांति है। महिलाएं सशक्त हो रही हैं। लोक अधिकार केंद्र, जागरूकता और महिलाओं को अपने अधिकार दिलवाने के क्षेत्र में प्रभावी कार्य कर रहे हैं। प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड में लोक अधिकार केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

श्री चौहान ने कहा कि अब केवल 2 प्रतिशत ब्याज पर स्व-सहायता समूह की बहनों को ऋण मिलेगा। समय पर ऋण चुकाने की स्थिति में वे अधिक ऋण की पात्र होंगी। समूहों को जल जीवन मिशन में जल कर की वसूली, बिजली बिल की वसूली और समर्थन मूल्य पर अनाज की खरीदी जैसे दायित्व भी सौंपे जा रहे हैं। दीदियों को पंचायतों के संचालन और विकास कार्यों की गुणवत्ता पर भी नजर रखना है।

'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा' पर हुई शिवराज मामा की पाठशाला

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल के मॉडल स्कूल में 'शिवराज मामा की पाठशाला' को संबोधित करते हुये।

भोपाल, 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा, इसकी शान न जाने पाए, चाहे जान भले ही जाए' यह केवल गीत नहीं आज़ादी की लड़ाई का मंत्र था। भारत सांस्कृतिक रूप से सदा से ही एक रहा है। हमारे देश का गौरवशाली इतिहास रहा। भारत की समृद्धि की चर्चा पूरी दुनिया में होती थी। इसी के परिणामस्वरूप पुर्तगाली, डच, अंग्रेज आदि कई विदेशी शक्तियां भारत आईं और हमें आपसी फूट के कारण गुलाम होना पड़ा। अंग्रेजों के विरुद्ध भारत में वर्ष 1761 में संन्यासी विद्रोह और फकीर विद्रोह से संघर्ष आरंभ हुआ। सन् 1857 में पहला स्वतंत्रता संग्राम अमर शहीद मंगल पांडे ने आरंभ किया। स्वतंत्रता के लिए चले लंबे संघर्ष में अनेक शहीदों के बलिदान के परिणामस्वरूप हमारा देश स्वतंत्र हुआ। स्वतंत्रता की इस लड़ाई में हमारे ध्वज का बहुत महत्व रहा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के मॉडल स्कूल में 'शिवराज मामा की पाठशाला' को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि अब देश के लिए मरने की नहीं, जीने की जरूरत है। देश के प्रति समर्पण के साथ पर्यावरण-संरक्षण और समाज-कल्याण की गतिविधियों के साथ जुड़ने के लिए श्री चौहान ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेल के लोकव्यापीकरण के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

6 अगस्त

भारतीय सेना ने सैटेलाइट आधारित संसाधनों की तैयारियों का किया अभ्यास

● भारतीय सेना ने भविष्य में हाईटेक स्पेस वॉर (अंतरिक्ष आधारित युद्ध) की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिये तैयारियां शुरू कर दी हैं। भारतीय सेना ने इस दिशा में बड़ा कदम उठाते हुये अपने सभी सैटेलाइट आधारित सैन्य संसाधनों के संचालन का अभ्यास किया और स्पेस वॉर की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिये अपनी क्षमता को बढ़ाने को गति प्रदान की। भारतीय सेना ने हाल ही में एक्स स्काइलाइट नामक अभ्यास किया। इस अभ्यास में देश के सभी सैटेलाइट युद्ध संसाधनों के संचालन का परीक्षण किया गया। इस अभ्यास के दौरान भारतीय सेना ने रूस-यूक्रेन युद्ध में सैटेलाइट से लेकर हाइटेक हथियारों के इस्तेमाल का भी अध्ययन किया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार सेना ने सैटेलाइट संचार प्रणालियों को गतिशील कर अंतरिक्ष में सैन्य खतरों के कई आयामों को देखते हुये उनका मुकाबला करने की तकनीक और संचालन क्षमता का सफल परीक्षण किया।

● केंद्र सरकार उन लोगों के भी राशन कार्ड बनाने में मदद करेगी, जो रोज़गार की तलाश में दूसरे राज्यों में रह रहे हैं और इनके पास रियायती दुकान से राशन लेने की सुविधा नहीं है। केंद्र सरकार ने ऐसे डेढ़ करोड़ उपभोक्ताओं के लिये राशन कार्ड बनाने की योजना शुरू की है। इसके लिये सरकार ने कॉमन रजिस्ट्रेशन फेसिलिटी (सीआरएफ) प्लेटफॉर्म तैयार किया है। इस पायलट प्रोजेक्ट को देश के 11 राज्यों में शुरू किया गया है, जिसे इस महीने के आखिरी सप्ताह तक देशव्यापी विस्तार दिया जायेगा। 'मेरा राशन - मेरा अधिकार' टैग लाइन से शुरू होने वाली इस परियोजना में कुल 1.58 करोड़ उपभोक्ताओं को सीधे लाभ मिलेगा। इस परियोजना में साधनविहीन, बेघर, घुमंतू या बिना किसी पते के रहने वाले लोगों के आवेदन को एप के माध्यम से स्वीकार किया जायेगा।

7 अगस्त

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बना सेना का नया अस्त्र

● भारतीय सेना अपनी सामरिक क्षमता को लगातार उन्नत कर रही है। सीमा के अग्रिम मोर्चों की चुनौतियों को भांपने के लिये सेना आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सहारा ले रही है। चीन से लगी उत्तरी और पाकिस्तान से लगी पश्चिमी सीमा के अग्रिम मोर्चे पर कई जगह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से मिले इनपुट के आधार पर संभावित खतरों को भांपते हुये सेना अब सैनिकों की तैनाती करने लगी है। इन इनपुट के आधार पर सेना ने अब तक सीमा पर लगभग 145 जगहों पर सेना ने अस्त्र-शस्त्रों की तैनाती भी की है। इसके अलावा सेना जल्द शुरू होने वाली 5जी नेटवर्क तकनीक का भरपूर इस्तेमाल करने की रणनीति बना चुकी है। 5जी तकनीक के जरिये सेना सीमावर्ती मोर्चों पर अपने संचार नेटवर्क को मजबूत करने और सैनिकों की युद्ध मोर्चे पर खुफिया निगरानी की ताकत बढ़ाने में करेगी।

● इजराइल और फिलीस्तीन के बीच एक बार फिर संघर्ष तेज हो गया है। इजराइल ने गाजापट्टी में फिलीस्तीन के गाजा विद्रोहियों पर हवाई हमले किये। इन हवाई हमलों में गाजा पट्टी के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया गया। इजराइली हमलों में बच्चों सहित कई फिलीस्तीनी लोगों की मौत हो गई, वहीं 310 से ज्यादा लोग घायल हुये हैं। इस बीच फिलीस्तीन ने भी इजराइली हमले का जवाब दिया है। उल्लेखनीय है कि इजराइल ने हवाई हमले में हमास के एक टॉप कमांडर के मरने का दावा किया है। इजराइल और फिलीस्तीन के बीच संघर्ष विराम की कोशिशें तेज हो गई हैं।

8 अगस्त

लद्दाख के 224 गांवों में जल्द शुरू होगी 4जी सेवा

● केंद्र सरकार लद्दाख के दूरदराज क्षेत्रों में संचार सेवाओं की बेहतरी के लिये जल्द

4जी नेटवर्क सेवाएं उपलब्ध करवायेगी। यह सुविधा लद्दाख के 224 गांवों में उपलब्ध होगी। प्रत्येक गांव में बेहतर संचार सेवा के लिये लगभग एक करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। लद्दाख के लेह और कारगिल जिलों के दूरदराज इलाकों में 4जी सेवा का लाभ न सिर्फ क्षेत्रवासियों, बल्कि इन इलाकों में तैनात सेना के जवानों को भी होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लद्दाख में संचार प्रणाली की बेहतरी के लिये 230 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट स्वीकृत किया गया है। इस प्रोजेक्ट के तहत लेह के 101 और कारगिल के 123 गांवों में 4जी सेवा उपलब्ध कराई जायेगी। केंद्रीय संचार मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने लद्दाख के सांसद श्री जामयांग सेरिन नांग्याल को 224 गांवों की सूची सौंपी है।

● रक्षा मंत्रालय ने नौसेना को नई ताकत देने के लिये छह पनडुब्बियों के निर्माण के लिये सात अरब डॉलर (लगभग 55 हजार करोड़ रुपये) के सौदों के लंबित प्रस्तावों को कुछ बदलाव के साथ स्वीकृति प्रदान की है। इस मंजूरी के साथ अब इन सौदों के लिये टेंडर आमंत्रित किये जा सकेंगे। नौसेना ने पनडुब्बियों के निर्माण कार्यक्रम से जुड़ी शर्तों को अंतिम रूप देते हुये राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद को बताया कि इन्हें अन्य देशों को बेचा या पट्टे पर दिया जा सकेगा। ये पनडुब्बियां भारत में ही जरूरतों के मुताबिक डिजाइन होंगी और उसके बाद उनका निर्माण होगा।

9 अगस्त

यूजीसी नेट की दूसरे चरण की परीक्षा 20 सितम्बर से होगी शुरू

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) के दूसरे चरण की परीक्षा को स्थगित कर दिया है। अब यह परीक्षा 20 से 30 सितम्बर के बीच आयोजित की जायेगी। यूजीसी के अध्यक्ष प्रोफेसर एम. जगदीश कुमार ने ट्वीट के जरिये यह जानकारी दी। प्रोफेसर एम. जगदीश कुमार ने बताया कि यूजीसी नेट के दूसरे चरण की परीक्षा 12 से 14 अगस्त, 2022 को आयोजित होनी थी, लेकिन इसे टाल दिया गया है। दूसरे चरण में 64 विषयों के लिये यह परीक्षा आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा के लिये एडमिट कार्ड 16 सितम्बर, 2022 को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की वेबसाइट से डाउनलोड किये जा सकते हैं। एनटीए ने 9, 11 और 12 जुलाई, 2022 को यूजीसी नेट की पहले चरण की परीक्षा आयोजित की थी।

● अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रपति जो बाइडेन की महत्वाकांक्षी जलवायु, कर और स्वास्थ्य देखभाल संबंधी योजना को पारित कर दिया है। संगठित होकर की गई वोटिंग और टाई ब्रेकर की स्थिति में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के वोट से डेमोक्रेटिक पार्टी 430 बिलियन डॉलर (लगभग 34.24 लाख करोड़ रुपये) के व्यय वाली इस योजना को सीनेट की मंजूरी दिलवाने में कामयाब रही। इस योजना को जलवायु की दिशा में अमेरिका की अब तक की सबसे बड़ी योजना कही जा रही है। मध्यावधि चुनाव से पहले इसे राष्ट्रपति जो बाइडेन के लिये बड़ी जीत माना जा रहा है।

10 अगस्त

एयरलाइनों को देना होगा अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों का पीएनआर ब्योरा

● केंद्र सरकार ने विमानन कंपनियों से उड़ानों के प्रस्थान से 24 घंटे पहले सभी

अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के संपर्क, पीएनआर विवरण और भुगतान से जुड़ी जानकारी सीमा शुल्क अधिकारियों के साथ साझा करने को कहा है। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर कहा कि यात्रियों के विवरण से मिलने वाली सूचना का इस्तेमाल देश में आने वाले या देश से बाहर जाने वाले यात्रियों की निगरानी में सुधार और जोखिम मूल्यांकन के लिये किया जायेगा। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने यात्री नाम रिकॉर्ड सूचना विनिमय-2022 नियम को अधिसूचित करते हुये विमानन कंपनियों को अनिवार्य रूप से इसका पालन करने को कहा है। सरकार के इस कदम से तस्करी और अन्य गैरकानूनी व्यापार पर भी रोक लगेगी। इसके अलावा भारत दुनिया के उन 60 अन्य देशों की सूची में शामिल हो गया है, जो अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों का पीएनआर विवरण जुटाता है।

● चीन ने कोरोना महामारी से जुड़ी वीजा पाबंदियों के चलते स्वदेश लौटे भारतीय छात्रों की वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि कोविड-19 के बाद भारतीय छात्रों की वापसी के लिये प्रक्रिया तेज कर दी गई है। भारतीय छात्रों का पहला बैच जल्द आ सकता है। उन्होंने कहा कि विदेशी छात्रों की वापसी की दिशा में गहनता से काम किया जा रहा है। चीन ने उम्मीद जताई है कि हजारों की संख्या में भारतीय छात्र उनके देश के कॉलेजों में पढ़ाई के लिये वापस लौटेंगे।

11 अगस्त

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) दिसम्बर 2024 तक बढ़ाई गई

● प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली केंद्रीय कैबिनेट ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) को दिसम्बर, 2024 तक बढ़ाने की मंजूरी प्रदान की है। केंद्रीय कैबिनेट ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की मांग पर यह योजना आगे बढ़ाने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना वर्ष 2015 में सभी को पक्का आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। इस योजना के तहत सभी पात्र शहरी लाभार्थियों को मार्च 2022 तक पक्का मकान दिया जाना था, अब यह योजना दिसम्बर 2024 तक चलेगी। केंद्र सरकार के अनुसार इस योजना के तहत पहले से स्वीकृत 122.69 लाख घरों को पूरा करने के लिये वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जायेगी।

● भारतीय सेना में अग्निपथ योजना के तहत अब महिला अग्निवीरों की भर्ती होगी। सेना ने मिलिट्री पुलिस में महिला अग्निवीरों की भर्ती के लिये ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिये हैं। मिलिट्री पुलिस में अग्निवीर सामान्य ड्यूटी (महिला) के पदों पर भर्ती के लिये अग्निपथ योजना के तहत महिलाओं को चार वर्ष के लिये भर्ती किया जायेगा। महिला अग्निवीरों की भर्ती की प्रक्रिया के तहत 7 सितम्बर, 2022 तक ऑनलाइन आवेदन किये जा सकते हैं। सेना ने कहा कि महिला उम्मीदवार अपने राज्य के अनुसार भर्ती रैली की जानकारी भारतीय सेना की वेबसाइट पर चेक कर सकती हैं।

12 अगस्त

कोरोना के बूस्टर डोज के रूप में कार्बोवैक्स के इस्तेमाल को मिली मंजूरी

● केंद्र सरकार ने बॉयोलॉजिकल-ई कंपनी की कोरोनारोधी वैक्सीन कार्बोवैक्स को बूस्टर डोज के तौर पर इस्तेमाल करने की मंजूरी प्रदान की है। कोविशील्ड और कोवैक्सीन लगवा चुके वयस्क लोग कार्बोवैक्स को बूस्टर डोज के तौर पर लगवा सकते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने ट्वीट कर कार्बोवैक्स वैक्सीन को बूस्टर डोज के तौर पर इस्तेमाल करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह बूस्टर डोज उन लोगों को लगाया जा सकेगा, जिन्हें कोविशील्ड या कोवैक्सीन टीके की दूसरी खुराक के लिये छह महीने या 26 सप्ताह हो चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह मंजूरी टीकाकरण पर राष्ट्रीय तकनीकी परामर्श समूह (एनटागी) के कोविड-19 कार्य समूह द्वारा की गई अनुशंसा के बाद दी है।

● घरेलू एयरलाइन कंपनियां अब खुद यात्री किराया तय करेंगी। केंद्र सरकार ने कोरोना महामारी के चलते घरेलू हवाई किराये पर लगाई गई अधिकतम और न्यूनतम किराये की लिमिट को 31 अगस्त से हटाने का फैसला किया है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिये हैं। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सरकार ने दैनिक मांग और विमान ईंधन की कीमतों के आकलन के बाद घरेलू हवाई किराये पर 27 महीने से लगी रोक हटाने का फैसला किया है। अब विमानन क्षेत्र में स्थिरता आने लगी है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि सरकार के इस फैसले से घरेलू एयर ट्रैफिक में जबरदस्त बढ़ोत्तरी देखने को मिलेगी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें

टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेंमी (sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेंमी (sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	13.36	18.70
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार

चौड़ाई	-	25 सेंटीमीटर
लंबाई	-	37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर	-	925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेंमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

APPOINTMENTS

Acropolis, one of the leading educational group in Central India requires teaching staff for various positions in Management Principal & Professor, Associate Professor and Assistant Professor in areas of Marketing , Finance, HR, Operations, Business Analytics and Systems

Interested candidates may apply with self attested testimonials and a passport size photograph, in hard copy within seven days from the date of advertisement to the address given below or email on hrafmr@acropolis.in. Qualifications, experience and salary as per AICTE norms.Faculty selection will be done under college code 28 Qualifications, Experience and Salary as per AICTE norms.

Acropolis Group of Institutions
ACROPOLIS Enlightening Wisdom
Indore Bypass Road, Manglia Square, Near Toll Plaza, Indore (M.P.)
Ph. : 0731-4730072/77

PANKAJ

R-47398/2022

वर्ष 39, अंक 33 15.08.2022 से 21.08.2022
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देकर प्रथम स्थान पर रहा मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमेशा प्रथम रहे, इसके लिये निरंतर प्रयास किये जायें। भारत सरकार द्वारा मध्यप्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को पुरस्कृत करने की उपलब्धि के साथ आवश्यक है कि इस दिशा में निरंतर उत्कृष्ट कार्य होता रहे। मध्यप्रदेश में नागरिकों को अच्छी सेवाएं देने वाली स्वास्थ्य संस्थाओं को पुरस्कृत करने की योजना अमल में लायी गयी है। चिकित्सक ही पीड़ित मानवता की सबसे बड़ी सेवा करते हैं। कोरोनाकाल में चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ ने लोगों की अद्भुत सेवा की है। यह समाज का महत्वपूर्ण वर्ग है। श्रेष्ठ कार्य करने वाले चिकित्सक और अन्य कर्मचारी भविष्य में भी पुरस्कृत किये जायेंगे। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह में स्वास्थ्य विभाग के संपूर्ण कायाकल्प अभियान के शुभारंभ और कायाकल्प पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने संपूर्ण कायाकल्प अभियान में 66 करोड़ रुपये की राशि प्रदेश की स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रभारियों के खातों में ट्रांसफर की। इस राशि से स्वास्थ्य संस्थाओं के बेहतर रखरखाव और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप अन्य आवश्यक कार्य करवाये जा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पतालों का कायाकल्प करने की योजना जनता के लिये उपयोगी होगी। कार्य पद्धति में बदलाव की शुरुआत हो चुकी है। नवीन प्रणाली के संचालन के फलस्वरूप सामग्री की खरीदी में 37 करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई है। यह सुशासन और स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रभावी सुधार की इच्छाशक्ति का प्रतीक है। श्रेष्ठ करने की चाह अच्छे परिणाम ही दिलवाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पतालों में हेल्प डेस्क का संचालन भी किया जाये। चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ रोगियों और उनके परिजनों से अधिक प्रेम से पेश आये। कोविड वैक्सीनेशन में भी संतोषजनक सेवाएं दी गयी हैं। जनता को स्वास्थ्य का सुरक्षा चक्र देने में इस अमले का योगदान है। आयुष्मान भारत योजना के बेहतर क्रियान्वयन और टेलीमेडिसिन सेवाओं के प्रदाय को भी विस्तार दिया जा रहा है। जनभागीदारी से अच्छे परिणाम सामने आयेंगे। मुख्यमंत्री ने जिन जिला अस्पतालों को स्वास्थ्य सेवाओं के श्रेष्ठ संचालन के लिये कायाकल्प अवॉर्ड प्रदान किये, उनमें विदिशा जिला अस्पताल को 50 लाख रुपये का प्रथम पुरस्कार, जिला अस्पताल देवास को 20 लाख रुपये का द्वितीय पुरस्कार और जिला अस्पताल सतना को 10 लाख रुपये का तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। कायाकल्प अभियान की शुरुआत वर्ष 2015 में की गयी थी। पहले 65 स्वास्थ्य संस्थाएं पुरस्कृत हुई थीं। तब से लेकर लगातार प्रदेश की स्वास्थ्य संस्थाओं में कायाकल्प अवॉर्ड लेने में वृद्धि हुई है। वर्ष 2021-22 में प्रदेश की 395 स्वास्थ्य संस्थाओं को कायाकल्प अवॉर्ड दिया जा रहा है। शासकीय अस्पतालों को अधिक सुविधा संपन्न बनाने के लिये संपूर्ण कायाकल्प अभियान शुरू किया गया है। संपूर्ण कायाकल्प अभियान में स्वास्थ्य विभाग जनभागीदारी से स्वास्थ्य संस्थाओं का कायाकल्प कर उनको अधिक जनोपयोगी बनाने का प्रयास कर रहा है।

मंगल ग्रह पर पहुंचेंगे स्पेस ट्रेन से

मंगल ग्रह पर पहुंचने के लिये अनेक देश प्रयासरत हैं। समय-समय पर विभिन्न देश अपने मंगल ग्रह अभियान को गति देते रहते हैं। दुनियाभर के कई देशों ने मंगल ग्रह पर अपने रोवर (यान) भेजे हैं। यहां तक कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने तो अपना हेलिकॉप्टर भी भेज दिया है, इसी बीच जापान मंगल ग्रह की यात्रा को लेकर इतिहास रचने की तैयारी में है। जापान के वैज्ञानिक पृथ्वी से मंगल ग्रह तक स्पेस ट्रेन चलाने की तैयारी में हैं, इतना ही नहीं जापान के वैज्ञानिकों का दावा है कि भविष्य में अगर सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो यह ट्रेन चांद तक जायेगी। जापान के क्योटो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक और निर्माण फर्म काजिमा कार्पोरेशन की मदद से यह योजना तैयार की गई। 'हैक्सागोन स्पेस ट्रेक सिस्टम' नामक परिवहन प्रणाली बनाई जायेगी। यह इंटरप्लेनेटरी स्पेस ट्रेन होगी, जो यात्रा करते समय अपना गुरुत्वाकर्षण उत्पन्न करेगी। जापान के वैज्ञानिकों ने द ग्लास नामक प्रोजेक्ट भी तैयार किया है। इसका उद्देश्य कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण में रहने की सुविधा बनाना है, जो पृथ्वी पर स्थितियों की नकल करता है। वैज्ञानिकों ने चांद पर एक 1300 फीट की संरचना बनाने की महत्वाकांक्षी योजना का खुलासा किया है। यह सामान्य गुरुत्वाकर्षण प्राप्त करने के लिये हर 20 सेकेंड में घूमती है। द ग्लास को बनाने में लगभग 100 वर्ष लगेंगे, हालांकि एक सरल संस्करण 2050 तक चन्द्रमा पर भेजा जायेगा। बताया जा रहा है कि नासा के चांद मिशन में जापान के शोधकर्ता मदद करेंगे। शोधकर्ताओं ने कहा कि मानव अब चंद्रमा और मंगल ग्रह पर रहने की तैयारी कर रहा है। शोधकर्ताओं ने यह भी बताया कि नई योजना के तहत इंसान चांद पर आसानी से पहुंच सकेगा।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस | 12 अगस्त

युवाओं की दक्षता, ऊर्जा और प्रतिभा की पहचान जरूरी

विश्व के सर्वांगीण विकास में युवाओं के अवदान को रेखांकित करने के लिये संयुक्त राष्ट्र की पहल पर प्रतिवर्ष 12 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। इस आयोजन का मंतव्य सदस्य देशों का ध्यान युवाओं से जुड़े मुद्दों, उनकी समस्याओं और विश्व के विकास में उनके अवदान के आकलन पर केंद्रित करना होता है।

मौजूदा स्थिति में विश्व के सर्वांगीण विकास और विश्व शान्ति के लक्ष्य की प्राप्ति के लिये युवाओं की दक्षता, ऊर्जा और उनकी प्रतिभा की पहचान बेहद जरूरी है और अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस इसी पहचान को सम्भव बनाता है। वर्ष 2000 में पहली बार संयुक्त राष्ट्र की अगुवाई में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया था। इस आयोजन की आरम्भिक रूपरेखा वर्ष 1985 में ही बन गई थी, जब संयुक्त राष्ट्र के एक प्रस्ताव के द्वारा वर्ष 1985 को अंतर्राष्ट्रीय युवा वर्ष के रूप में मनाया था। वर्ष 1991 में संयुक्त राष्ट्र के विश्व युवा फोरम के पहले सत्र के लिए ऑस्ट्रिया के वियना में इकट्ठा हुए युवाओं द्वारा सबसे पहले अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस का प्रस्ताव पारित किया गया था। फोरम ने अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस घोषित किये जाने की मांग भी की थी। अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन प्रचार के उद्देश्यों और संयुक्त राष्ट्र युवा कोष के लिए धन एकत्र करने के लिए भी किया गया था। किसी भी देश का युवा उस देश के विकास का सशक्त आधार होता है लेकिन जब यही युवा अपनी सामाजिक और राजनैतिक जिम्मेदारियों को भुलाकर विलासिता के कार्यों में अपना समय नष्ट करता है, तब देश बर्बादी की ओर अग्रसर होने लगता है। इसी कर्तव्यविमुख युवा को सर्वांगीण विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के यत्न का उपक्रम इस दिन किया जाता है।

युवा आबादी ही किसी भी देश की वास्तविक ताकत और बुनियाद है

किसी भी देश की वास्तविक ताकत का अंदाजा उसके युवाओं की संख्या पर निर्भर करता है, युवा वस्तुतः किसी भी देश की बुनियाद होते हैं। राजनीति से लेकर व्यापार तक सब कुछ निर्भर करता है कि, उसको चलाने वाले वरिष्ठजन कैसे हैं? जब वरिष्ठजन के साथ युवाओं का जोश मिल जाता है तो फिर किसी भी क्षेत्र में कामयाबी हासिल की जा सकती है। इस लिए सरकारें अपने देश के युवाओं पर बहुत ध्यान देती हैं, उनकी पढ़ाई-लिखाई, खेल-कूद उनके प्रशिक्षण पर अपने सकल घरेलू उत्पाद का एक बड़ा हिस्सा खर्च करती हैं। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था वहां की राजनीति व्यापार आदि में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और उनको बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए एक मंच और दिन की जरूरत को महसूस कर ही बारह अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र पन्द्रह से 24 साल की उम्र की आबादी को युवा की श्रेणी में रखता है। इस उम्र की आबादी से दुनिया की आबादी का बड़ा हिस्सा बनता है, इसमें पुरुष और महिला दोनों को शामिल किया जाता है। भारत में लगभग पैंसठ प्रतिशत आबादी युवाओं की श्रेणी में आती है, इस लिहाज से भारत विश्व का सबसे युवा देश है और इस श्रेणी की तेजी से वृद्धि हो रही है भारत में।

इस दिवस के आयोजन से युवा विकास की मुख्यधारा से जुड़ते हैं

अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर देश-विदेश

में कई कार्यक्रम होते हैं, जिसमें वहां की सरकारें और गैर सरकारी संस्थाएं हिस्सा लेती हैं। जहां विचार-विमर्श किया जाता है कि कैसे युवाओं को सर्वांगीण विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए, और उनकी सकारात्मक शक्ति का उपयोग समाज और राष्ट्र के निर्माण में किया जाए। यहां युवाओं की शिक्षा रोज़गार से जुड़े मुद्दे मुख्य रूप से चर्चा का विषय होते हैं, अन्य गतिविधियों जैसे खेल, संगीत, नृत्य, लेखन आदि में जिन युवाओं ने अपना मुकाम बनाया है, उनको प्रोत्साहित और सम्मानित किया जाता है, ताकि वो और अच्छा करें और उनको देखने वाले उनसे प्रेरित होकर अपना योगदान समाज को दे सकें। युवा दिवस पर स्कूल और कॉलेजों में विशेष आयोजन किये जाते हैं किशोर और युवाओं को खेल, सेमीनार, निबंध-लेखन, विभिन्न प्रतियोगिता, योगासन, गायन और संगीत के आयोजन होते हैं। व्याख्यान, सेमीनार और परेड आदि के आयोजन के साथ सभी स्कूल, कॉलेज और शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थानों में युवाओं द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। कोरोना संक्रमण के कारण पिछले कुछ वर्ष से बचाव के अनुशासन के कारण युवा दिवस के सभी आयोजन वास्तविक स्वरूप (एक्चुअली) न होकर आभासी स्वरूप (वर्चुअली) में हो रहे थे। युवा दिवस पर कई देशों में पूर्व में घोषित राष्ट्रीय युवा नीति की समीक्षा भी की जाती है और उसमें युवा कल्याण के कुछ नवाचारों को भी जोड़ा जाता है। युवाओं को आगे बढ़ने में सहायता देने वाले नये प्रकल्प भी इसी दिन स्वीकृत किये जाते हैं।

कोरोना संक्रमण से प्रभावित हुए युवा

कोरोना वायरस के वैश्विक संक्रमण से विश्व के लगभग सभी देशों की वित्तीय संरचना ध्वस्त हुई थी और उसका दुष्परिणाम युवाओं को भी भुगतना पड़ा और आज भी भुगतना पड़ रहा है। सबसे चिन्ताजनक स्थिति भारत जैसे विकासशील देशों में देखने को मिली थी, जहां अर्थव्यवस्था थोड़ी बहुत प्रभावित हुई है। इन स्थितियों के कारण ही विकासशील देश अन्य देशों और संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर इन युवाओं की दिक्कतों पर विमर्श कर सकते हैं। कोरोना संक्रमण के घटने के बाद सरकार ने उससे जुड़े अनुशासन में काफी हद तक ढील दी ऐसे में देश की विशाल श्रमिक आबादी ने जो दुनिया में सबसे युवा है, उसने न केवल हमारी अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने में मदद की बल्कि कोविड-19 वायरस से लड़ने वाले योद्धा की भूमिका भी निभाई। संक्रमण घटने के बाद एक-एक करके सेक्टरों को छूट देने के बाद खुदरा और असंगठित क्षेत्रों के कामगारों को छूट देने की योजना भी बनाई। अर्थव्यवस्था को वापस अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए जरूरी था कि उपभोक्ता अपने घरों से बाहर निकलें। एक बार फिर कहना पड़ेगा कि हमारी युवा आबादी इन स्थितियों में भी हमारी सबसे बड़ी पूंजी साबित हुई।

विकासशील देश इस दिन युवाओं के प्रवासन पर करते हैं विमर्श

आज विश्व की बहुसंख्य युवा आबादी विलासिता और सुख-सुविधा को देखते हुए अपने देश को छोड़कर दूसरी जगह आजीविका के लिए जा रही है, जिससे उनके मूल अधिवास वाले राष्ट्र के निर्माण खासतौर पर वित्तीय स्वावलम्बन में दिक्कतें आ रही हैं। युवा किसी भी राष्ट्र की शक्ति होते हैं और विशेषकर भारत जैसे विकासशील राष्ट्र की ऊर्जा तो युवाओं में ही निहित है। ऐसे में अगर युवाओं का भारी संख्या में प्रवासन होता है, तो इससे न केवल उस राष्ट्र की अक्षमता प्रदर्शित होती है, जो अपने नौजवानों को अपने ही देश में समुचित रोज़गार नहीं दे पाती है अपितु युवाओं के ऐसे प्रवासन से देश के विकास का सशक्त आधार ही समाप्त हो जाता है। अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रवासन के मुद्दे पर भी विकासशील देश विमर्श करते हैं।

इस वर्ष की थीम है 'अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता : सभी उम्र के लिये एक दुनिया बनाना'

इस वर्ष, अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस की थीम 'अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता : सभी उम्र के लिए एक दुनिया बनाना' (इंटरजनरेशनल सॉलिडिरिटी : क्रिएटिंग ए वर्ल्ड फॉर ऑल एजेस) रखी गई है। इसका उद्देश्य इस संदेश को बढ़ाना है कि एजेंडा 2030 और इसके सत्रह समावेशी विकास लक्ष्य (सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल) को प्राप्त करने के लिए सभी पीढ़ियों से कार्रवाई की आवश्यकता है और किसी को भी पीछे नहीं छोड़ना है। वर्ष 2021 के अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस की थीम रखी गई थी- 'ट्रांसफॉर्मिंग फूड सिस्टम : यूथ इनोवेशन फॉर ह्यूमन एंड प्लैनेटरी हेल्थ'। खाद्य प्रणालियों के परिवर्तन की इस थीम का उद्देश्य इस बात पर प्रकाश डालना है कि इस तरह के वैश्विक प्रयास की सफलता युवा लोगों की सार्थक भागीदारी के बिना हासिल नहीं की जा सकती है।

वर्ष 2020 में थीम 'वैश्विक कार्य के लिए युवाओं की भागीदारी (यूथ एंगेजमेंट फॉर ग्लोबल एक्शन), वर्ष 2019 में बदलती शिक्षा, वर्ष 2018 में युवाओं के लिए सुरक्षित स्थान, वर्ष 2017 में शांति की कायमी में युवाओं की भूमिका। इस प्रकार हर वर्ष एक नये सन्दर्भ में युवाओं की भूमिका की पड़ताल होती रहती है।

इस दिन कुछ युवाओं को सम्मानित भी किया जाता है

अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने का एक उद्देश्य सामाजिक, राजनीतिक क्षेत्रों में सोद्देश्य भागीदारी और आविष्कार करने वाले युवा को सम्मानित करना भी है। वैश्विक परिवर्तन जहां अनेक उपलब्धियां, सुविधाएं और चमत्कार लेकर आ रहे हैं वहीं युवा वर्ग के लिए तीव्र गति से भागने की क्षमता की चुनौती भी है, ताकि युवा वर्ग इतना क्षमतावान हो कि वह तेजी से हो रहे परिवर्तन को समझ सके, उसे अपना सके और नई खोज, नई तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर अपनी कार्यशैली को परिवर्तित कर सके। आज के युवा वर्ग को विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्धा में शामिल होना आवश्यक हो गया है। यह प्रतिस्पर्धा एक और समाज को सुख शांति तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है और दूसरी तरफ चिंता, निराशा, व्यसन और बेलगाम उपद्रव की ओर आगे बढ़ा रही है, इसलिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को सकारात्मक के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है।

राजा दुबे

(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

REQUIRED

A leading college of Indore invites applications for selection under college code28

- PRINCIPAL
- ASSOCIATE PROFESSOR
- PROFESSOR
- ASSISTANT PROFESSOR

IN FOLLOWING AREAS - Management (IT, Business Analytics, Finance, HR, Marketing, Production), Commerce, Sociology, History, Hindi, English, Political Science, Economics, Computer

NON TEACHING STAFF - Marketing Executives
- Front Office Executive (Female)
- Counselor
- Sr. Accountant
- Librarian
- Computer Operator (H & E Typing)
- Driver

ELIGIBILITY & SALARY AS PER UGC/AICTE NORMS
Please Send & Mail your resume within 7 days to hrradiantinstitute@gmail.com

RADIANT INSTITUTE OF MANAGEMENT & SCIENCE
APPROVED BY AICTE, NEW DELHI & AFFILIATED TO DAVV, DHE GOVT. OF MP (HIGHER EDUCATION)
Sector A, Bakhtawar Ram Nagar, Near Tilak Nagar, Indore
Call: 8878685100, 9522318940

R-47396/2022

ARIHANT COLLEGE
Affiliated to DAVV Indore, Recognized by MP Govt. Higher Education
RECRUITMENT FOR 2022-23
ASSISTANT PROFESSORS
In following disciplines: BA/ B.Com./ BBA / BSW / BCA / M.Com.
Qualification and Salary as per UGC Norms.
ALSO HEALTH & PHYSICAL EDUCATION, TELE CALLERS, COUNSELORS
LIBRARIAN, MARKETING, OFFICE STAFF, PEON
Eligible candidate may send their resume within 15 days of advertisement by Email at imeshr2022@gmail.com
Address: 453, Khandwa Road Opp. Radhaswami Satsang Indore-452020.
Contact: 0731-2462522, 95221-87444

R-47397/2022

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू से राज्यपाल ने की सौजन्य भेंट

नई दिल्ली, राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने राष्ट्रपति भवन में सौजन्य भेंट की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू का राज्यपाल श्री पटेल ने शाल-श्रीफल से अभिवादन किया तथा उन्हें माहेश्वरी साड़ी और साँची स्तूप का मोमेंटो भेंट किया। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने राज्यपाल श्री पटेल को भारत के संविधान की प्रति भेंट की।

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-1, भदभदा रोड, भोपाल
क्र./992/तशा/प.यं./2022 दिनांक - 05.08.2022

प्रेस विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर के निर्माण कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा क्रमांक 2022_MPPHC_215399_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 05.09.2022 समय 17.00 बजे तक** खरीदे जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/105869/47389/2022 **परियोजना यंत्री**

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, रीवा (म.प्र.)
फोन नं. : 9425601523/9340714903

प्रेस-विज्ञप्ति

संभाग रीवा के अंतर्गत इंडोर स्टेडियम (डबल बैडमिंटन कोर्ट) नागौद, जिला सतना के निर्माण कार्य हेतु निविदा क्रमांक 11/2022-23 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER No. 2022_MPPHC_215705_1) आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र दिनांक 27.08.2022 समय 17:00 बजे तक ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **Portal : http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/105887/47390/2022 **परियोजना यंत्री**

साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय

गेटवे रिट्रीट, एमपीटी परिसर, सांची, जिला रायसेन म.प्र.-464661
विज्ञापन क्रमांक : 1841 दिनांक : 08.08.2022

शैक्षणिक पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन-2022

आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 29.08.2022

साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय, विभिन्न स्कूल/विभाग/केंद्रों में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर सीधी भर्ती के माध्यम से नियमित नियुक्ति हेतु योग्य तथा अनुभवी उम्मीदवारों से चयन प्रक्रिया में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करता है। चयन प्रक्रिया में सम्मिलित पदों का विवरण एवं मध्यप्रदेश (भारत) के मूल निवासी उम्मीदवारों हेतु आरक्षित पदों का विवरण, निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, अनुभव तथा अन्य वांछनीय योग्यताओं, आवेदन प्रक्रिया, शुल्क की जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.sanchiuniv.edu.in/newwebsite/recruitment/index.html** पर उपलब्ध है। भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने हेतु इच्छुक उम्मीदवार केवल ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से आवेदन पत्र **(E-Form) www.sanchiuniv.org.in** के माध्यम से निर्धारित दिनांक 29.08.2022 समय 23.59 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/105893/47392/2022 **कुलसचिव**

म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, तकनीकी संभाग-रीवा (म.प्र.)
क्रमांक/मंडी-बोर्ड/निर्माण/2022-23/352 रीवा, दिनांक 08.08.2022

निविदा आमंत्रण सूचना

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (एकीकृत पंजीयन प्रणाली) में पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदा क्र.-2022_MPSAM_215744_1 दिनांक 12.08.2022 सुबह 11:30 बजे से ऑनलाइन निविदायें दिनांक 05.09.2022 को सायं 5:30 बजे तक निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in** पर प्राप्त होंगी, एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मण्डी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard.gov.in** पर भी अवलोकनीय होंगी।

नोट :- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार ऑनलाइन पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/105912/47393/2022 **कार्यपालन यंत्री**

मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण

कार्यालय महाप्रबंधक, परियोजना क्रियान्वयन इकाई-आगर, बाबा बैजनाथ नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, मकान नं. 74 आगर, जिला आगर मालवा (म.प्र.)
Ph. : 07362-258597, E-mail : gmagarpiu@rediffmail.com
क्रमांक : 1320/म.प्र.ग्रा.स.वि.प्रा./स्था./2022 आगर, दिनांक : 10.08.2022

वाहन निविदा सूचना

म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, परियोजना क्रियान्वयन इकाई-आगर के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत निर्मित/निर्माणाधीन मार्गों के निरीक्षण कार्य के लिये वित्तीय वर्ष 2020-21 में टेक्सी में रजिस्टर्ड

1. महिन्द्रा बोलेरो - 01
2. महिन्द्रा स्कारपियो/क्रेटा/TUV - 01

कुल - 02 नग वाहन

वर्ष जून-2020 के बाद निर्मित 02 वाहन किराये पर लिया जाना है। वाहन प्रतिमाह किराये पर रखने हेतु **दिनांक 31.08.2022 को सायंकाल 05 बजे तक** भाव पत्रक आमंत्रित किये जाते हैं। अन्य शर्तें व निविदा प्रपत्र कार्यालयीन समय व कार्यालय दिवस में देखी जा सकती हैं।

म.प्र. माध्यम/105920/47394/2022 **महाप्रबंधक**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक 03, भोपाल-462003, Mobile No. 9425601545
ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com
क्र. मप्रपुआअविनि/573/पयं/भोपाल-03/तशा/2022
भोपाल, दिनांक : 10.08.2022

निविदा आमंत्रण सूचना

भोपाल संभाग-3 के अंतर्गत जिला हरदा, सीहोर एवं विदिशा में इण्डोर हॉल निर्माण कार्य एवं आउटडोर स्टेडियम का कार्य हेतु निविदा क्र. 04/2022-23 (निविदा क्र. 216251, 216252, 216253) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 31.08.2022 सायं 5:00 बजे तक** खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/105928/47395/2022 **परियोजना यंत्री**

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड

'चयन भवन', मेन रोड नं.-1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल-462011
फोन : +91-755-2578801-02-03-04, Fax : +91-755-2550498,
www.peb.mp.gov.in

विज्ञापन

ई.डब्ल्यू.एस. के अभ्यर्थियों को अन्य आरक्षित श्रेणी (SC, ST, OBC) के समान आयु सीमा में छूट दी जाने के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में प्रस्तुत की गई याचिका क्रमांक 8609/2022 के आदेश दिनांक 02.05.2022 के आधार पर पी.ई.बी. को प्राप्त अभ्यावेदन को संज्ञान लेते हुए माननीय न्यायालय आदेश के परिपालन में समूह-3 उपयंत्री, मानचित्रकार एवं समयपाल व अन्य समकक्ष पदों हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा-2022 के आवेदन पत्र में आयु संबंधित आवश्यक संशोधन कर ली गई है।

माननीय न्यायालय आदेश में लेख है कि

"M.P. Professional Examination Board to accept the application of the petitioner and other similarly situated candidates without reference to the qualification on age but subject to compliance of other conditions. All further actions shall be subject to further orders of this Court."

उक्त परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि निकट है, अतः उपरोक्त संशोधन को दृष्टिगत रखते हुए अभ्यर्थियों के हित में उक्त परीक्षा की आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने की तिथि में निम्नानुसार वृद्धि की जाती है:-

	पूर्व में घोषित	संशोधन उपरान्त प्रस्तावित तिथि
आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि	16.08.2022	23.08.2022
आवेदन पत्र में संशोधन की अंतिम तिथि	21.08.2022	28.08.2022

विज्ञापन क्रमांक 13/2022
म.प्र. माध्यम/105937/47407/2022 **संचालक**

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्रमांक-03, गोरखपुर
थाने के पीछे 1558 ऋषि कॉटेज, रतन कॉलोनी, जबलपुर (म.प्र.)
पिनकोड : 482003, फोन : 0761-4927003
Email : mpphcjabalpur3@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-03 के अंतर्गत जिला-मण्डला में इन्डोर स्टेडियम की रूफ ट्रस की शीट बदलने एवं अन्य मरम्मत कार्य के अपूर्ण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक- 06/2022-23 (Online Tender No.- 2022_MPPHC_216386_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 20.08.2022 समय सायं 17.00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं सब्मिट (प्रस्तुत) किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किए जावेंगे। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/105931/47406/2022 **परियोजना यंत्री**

MAA SHANTA DEVI COLLEGE OF MANAGEMENT

ITARSI ROAD SAKADEHI BETULA (M.P.)
FACULTY STAFF REQUIREMENT

S.No.	Post	No. of Posts
1.	Principal	1
2.	Professor	8
3.	Asst. Professor	8
4.	Computer Operator	2
5.	Peon	1

Affiliated To Barkatullah University Bhopal M.P. & All India Council for Technical Education, New Delhi.
Email : msdpcollegebtl@gmail.com, Mob. : 9425003213, 7000863213
R-47388/2022

हर घर तिरंगा में विभिन्न गतिविधियों के साथ प्रदेश हुआ तिरंगामय

भोपाल, आज़ादी के अमृत महोत्सव में 'हर घर तिरंगा' अभियान प्रदेश में पूरे जोश के साथ संचालित हो रहा है। राजधानी भोपाल सहित सभी नगरों और ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों के चलते पूरा प्रदेश तिरंगामय दिख रहा है। इन गतिविधियों में अनेक नवाचार भी हुए हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां हासिल की हैं। इसमें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा तिरंगे के इतिहास पर स्कूली छात्र-छात्राओं की ली गई क्लास, भोपाल की बड़ी झील में क्रूज पर फहराया गया तिरंगा, सभी नगरों से लेकर पंचायत स्तर पर तिरंगा यात्रा, रैली, पौध रोपण, रक्तदान, मेडिटेशन के साथ देशभक्ति को प्रदर्शित करती मानव श्रृंखला एवं छात्र-छात्राओं द्वारा निर्मित राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की आकृति शामिल हैं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की प्रदेशवासियों से अभियान को सफल बनाने में जनभागीदारी की अपील काफी कारगर साबित हुई है। इसके परिणामस्वरूप अभियान में मंत्रिपरिषद के सदस्य, सांसद, विधायक और पंचायत एवं नगरीय निकायों के नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्थाओं, व्यापारियों, धर्मगुरुओं सहित शासकीय विभागों और स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा पिछले एक सप्ताह से सक्रिय भागीदारी निभाई जा रही है। 'हर घर तिरंगा' के लिये प्रतिदिन हो रही गतिविधियों ने पूरे प्रदेश को तिरंगामय कर दिया है।

मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों, समाज के हर वर्ग के नागरिकों, छात्र-छात्राओं, समाज-सेवी संगठनों से कहा है कि देश ने संघर्ष, त्याग, तपस्या और बलिदान से आज़ादी पाई है। आज़ादी के संघर्ष में अपना सर्वस्व बलिदान कर देने वाले शहीद, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का स्मरण कर उनसे प्रेरणा लेने के लिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। उन्होंने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान ने आनंद और उत्साह से आज़ादी का पर्व मनाने का अवसर प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से 13 से 15 अगस्त की अवधि में अपने घर में तिरंगा झण्डा लहराने की अपील की है।

राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के प्रति प्रदेशवासियों को जागरूक करने की जा रही विभिन्न गतिविधियों से प्रदेश के हर नागरिक के दिल और दिमाग में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देश-भक्ति का जज्बा पैदा हुआ है। नगर से लेकर गांव तक आमजन ने तिरंगे को आन-बान-शान से अपने घर पर लहराने का संकल्प लिया है। प्रदेश के महिला स्व-सहायता समूह द्वारा बड़ी मात्रा में तिरंगे बनाये जा रहे हैं, जिन्हें स्थानीय प्रशासन द्वारा आमजन को सशुल्क उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। सभी जिलों में जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों, शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थाओं, युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ हर घर तिरंगा अभियान की संयुक्त गतिविधियां लगातार की जा रही हैं।

मध्यप्रदेश के वन-आवरण में 1480 किलोमीटर की हुई बढ़ोत्तरी

भोपाल, मध्यप्रदेश के वन-आवरण में पिछले 17 साल में 1,480 वर्ग किलोमीटर की बढ़ोत्तरी हुई है। भारतीय वन सर्वेक्षण संरक्षण देहरादून द्वारा 2 वर्ष के अंतराल से देश के वनों की स्थिति पर रिपोर्ट प्रकाशित की जा रही है। वनावरण की स्थिति का आकलन उपग्रह के चित्रों से किया जाता है। प्रदेश के अति सघन वन का क्षेत्रफल वर्ष 2005 में 439 वर्ग किलोमीटर था, जो वर्ष 2021 में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक 6,665 वर्ग किलोमीटर हो गया है। भारतीय वन सर्वेक्षण संस्थान देहरादून द्वारा अगले वर्ष दोबारा उपग्रह से चित्र लिए जाकर रिपोर्ट प्रकाशित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में मानव जनित दबावों के बावजूद वनों के क्षेत्र और गुणवत्ता में हुई यह वृद्धि बहुत मायने रखती है।

कौशल विकास संचालनालय म.प्र.
(मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड)
विज्ञप्ति

ITI में प्रवेश वर्ष 2022 के नवीन रजिस्ट्रेशन एवं च्वाइस फिलिंग 07.08.2022 से 15.08.2022 तक
आवेदक एमपी ऑनलाइन के द्वारा दिनांक 07.08.2022 से 15.08.2022 तक।

- नवीन रजिस्ट्रेशन।
- रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार।
- इच्छित संस्थाओं तथा व्यवसायों की प्राथमिकता क्रम का नवीन च्वाइस फिलिंग अनिवार्य है।
- इच्छित संस्थाओं में प्राथमिकता के क्रम में चयन/इच्छित संस्थाओं में प्राथमिकता के क्रम में **त्रुटि सुधार दिनांक 07.08.2022 से 15.08.2022 तक।**

(उपसंचालक)
एमपीएसएसडीईजीवी, भोपाल
जी-15394/47399/2022 कौशल विकास (म.प्र.)

कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, भोपाल

ई-मेल : ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन : 0755-2767635, फैक्स : 0755-2552406
निविदा सूचना क्रमांक-915/2022-23/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ भोपाल, दिनांक : 01.08.2022
निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 30.08.2022 को 17:30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2022_WRD_214350	**टर्न की पद्धति पर** : सांक नदी पर स्टॉप डेम क्रमांक 3 का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	ग्वालियर	282.04
2.	2022_WRD_214353	जिला खनिज प्रतिष्ठान (डी.एम.एफ.) के तहत कटनी जिले के विकासखण्ड बहोरीबंद अंतर्गत चांदखेड़ा में पतने नाला डायवर्सन सिंचाई योजना का पुनर्निर्माण कार्य।	कटनी	122.67
3.	2022_WRD_214354	**टर्न की पद्धति पर** : डाबरी उद्वहन सिंचाई योजना का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	सीहोर	739.54
4.	2022_WRD_214356	**टर्न की पद्धति पर** : किशनगढ़ जलाशय शीर्ष एवं नहर का निर्माण कार्य विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	सागर	948.78

मुख्य अभियंता
जी-15199/47381/2022 (प्रोक्योरमेंट)

कार्यालय संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास
उज्जैन संभाग, उज्जैन

बाल भवन, विक्रम कीर्ति मंदिर परिसर, कोठी रोड, उज्जैन
फोन नं. : ई-मेल : jdwcdujj@mp.gov.in
क्रमांक : मबावि/2022/1267/ उज्जैन, दिनांक : 04.08.2022

विज्ञप्ति
मानदेय आधारित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/सहायिकाओं/मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन

म.प्र. शासन महिला एवं बाल विकास विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल के पत्र क्रमांक/3440/1784/2019/50-2 (ए.एन.) भोपाल दिनांक 21.08.2019 के द्वारा दिये गये निर्देशानुसार उज्जैन संभाग के जिलों में संचालित महिला एवं बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/आंगनवाड़ी सहायिकाओं/मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के पूर्णतः अस्थाई (मानसेवी) एवं मानदेय आधारित रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पात्र महिलाओं के जिलेवार निम्नानुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

स. क्र.	जिला	आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद संख्या	आंगनवाड़ी सहायिका पद संख्या	मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद संख्या	जिला कार्यालय का संम्पर्क नम्बर
01	उज्जैन	15	35	01	07342511658-9425973115
02	देवास	14	49	00	07272250117-7489718277
03	शाजापुर	06	14	00	07364226639-9425991300
04	आगर मालवा	08	23	00	07362259114-9425940942
05	रतलाम	13	22	01	07412270433-9479852967
06	मंदसौर	13	28	00	07422242543-9407115784
07	नीमच	03	12	01	07423231020-7987238309
	योग	**72**	**183**	**03**	

- आंगनवाड़ी केन्द्रवार/ग्रामवार/वार्डवार वास्तविक रिक्त पद की जानकारी एवं नियम, निर्देश, शर्तें आवेदन का प्रारूप, शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य अर्हताओं से संबंधित विस्तृत जानकारी संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं संबंधित जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
- संबंधित महिला आवेदक अपने पूर्णतः भरे आवेदन-पत्र मय आवश्यक सहपत्रों सहित संबंधित जिले की बाल विकास परियोजना कार्यालय में **दिनांक 22.08.2022 को सायंकाल 06:00 बजे तक** कार्यालय दिवस में निर्धारित प्रारूप में जमा कराकर प्राप्ति अभिस्वीकृति प्राप्त कर सकते हैं।
- जिलेवार आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/आंगनवाड़ी सहायिकाओं/मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवश्यक नियम/निर्देश आदि की जानकारी विभागीय वेबसाइट/ऑनलाइन पोर्टल, जिला कार्यालय एवं संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय में उपलब्ध है।
- संभागीय संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास, उज्जैन संभाग, उज्जैन के पते पर प्रेषित आवेदन-पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।
यह ट्रेड भोपाल दुग्ध संघ एवं आई.टी.आई. भोपाल की सहभागिता से वर्ष 2020-21 से संचालित किया जा रहा है। पहले बैच के 18 छात्र प्रदेश के सहकारिता एवं निजी डेयरी संयंत्रों में कार्यरत हैं। इन्हें औसतन 15 हजार रुपये प्रतिमाह की आय हो रही है। नेशनल काउंसिल ऑफ वोकेशनल ट्रेनिंग (एनसीवीटी) से मान्यता प्राप्त होने से इस ट्रेड से छात्र पूरे देश में कहीं भी रोज़गार पा सकते हैं।

आज़ादी के अमृत महोत्सव में इक्कीस हजार 158 पौधों का हुआ रोपण

भोपाल, वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा है कि आज़ादी के अमृत महोत्सव की स्मृति के चिर-स्थायी बनाने और आम लोगों को इसकी भावना से अवगत कराने के उद्देश्य से वन विभाग राज्य के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम कर रहा है। विभाग द्वारा स्थानीय लोगों की भागीदारी से दो चरण में 53 स्थानों पर 21 हजार 158 पौधे रोपे जा चुके हैं।

वन मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में जनभागीदारी अभियान का शुभारंभ 17 सितम्बर 2021 को किया था। इसके बाद वन विभाग द्वारा प्रथम चरण में 311 स्थानों पर 10 हजार 565 पौधे रोपण जनभागीदारी से कराये गये। द्वितीय चरण में सभी विकासखण्डों में 'पौध रोपण चेतना' अभियान चलाकर 215 स्थानों पर 10 हजार 193 पौधों का रोपण किया गया।

डॉ. शाह ने बताया कि ग्रीन इंडिया मिशन में आज़ादी के अमृत महोत्सव के दौरान 6 कौशल उन्नयन कार्यक्रम प्रारंभ कर 195 ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण दिलाया गया।

अनुभूति कार्यक्रम में एक लाख 13 हजार विद्यार्थी हुए शामिल

वन मंत्री ने बताया कि वन तथा वन्य-जीवों के प्रति सुरक्षा और संवर्धन के प्रति जागरूकता के प्रयोजन से हरियाली महोत्सव, वन्य-प्राणी सप्ताह और अनुभूति जैसे अनेक कार्यक्रम किए जा रहे हैं। शासकीय, अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए अनुभूति कार्यक्रम प्रदेश के सभी वन परिक्षेत्रों में कराया गया।

चयनित तीन जिलों में 623 हेक्टेयर क्षेत्र में हुआ बांस-रोपण - वन मंत्री

भोपाल, वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना में बांस उत्पादन के लिए चयनित देवास, हरदा और रीवा जिले में पिछले वर्ष 623 हेक्टेयर क्षेत्र में बांस का रोपण कराया जा चुका है। इसमें कृषि क्षेत्र में 263 हेक्टेयर क्षेत्र तथा मनरेगा योजना में 360 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र में बांस-रोपण का कार्य शामिल है। इस वित्त वर्ष के लिए इन तीनों जिलों में 1100 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र, वन क्षेत्र में मनरेगा योजना से 250 हेक्टेयर क्षेत्र और वन विभाग की योजनाओं में 750 हेक्टेयर क्षेत्र में बांस-रोपण का लक्ष्य दिया गया है।

वन मंत्री ने बताया कि 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना में प्रदेश के 6 जिले चयनित किये गये हैं। इसमें बैतूल जिले में सागौन, अलीराजपुर एवं उमरिया जिले में महुआ और देवास, हरदा और रीवा जिले को बांस उत्पादन के लिए शामिल किया गया है।

बांस के लिए चयनित इन तीन जिलों के लिए पांच वर्षीय रोडमैप तैयार कर उपलब्ध बांस संसाधनों के मुताबिक लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं।

डॉ. शाह ने बताया कि बैतूल जिले को सागौन उत्पादन के लिए चयनित किया गया है। जिले में वुडन क्लस्टर के लिए भूमि चयन प्रक्रिया में है। वुडन क्लस्टर के लिये 71 निवेश कलाओं द्वारा तकरीबन 87 करोड़ रुपये निवेश कर इकाइयां चयनित की जायेंगी। इन इकाइयों से 1600 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोज़गार मिलेगा।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना को मंजूरी

किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्पावधि फसल ऋण निरंतर रखने का निर्णय

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल स्थित मंत्रालय में सम्पन्न मंत्रिपरिषद की बैठक में मध्यप्रदेश महिला वित्त एवं विकास निगम का सुदृढ़ीकरण करते हुए स्थापना व्यय के लिए पृथक बजट लाइन प्रावधानित करने, निगम में मुख्यमंत्री नारी सम्मान कोष का गठन और उसके अंतर्गत मुख्यमंत्री उद्यम शक्ति योजना का अनुमोदन किया गया। मुख्यमंत्री उद्यम शक्ति योजना में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना तथा मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना की लाभान्वित महिला हितग्राहियों के बैंकों से स्वीकृत प्रकरणों पर 2 प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जायेगा। साथ ही उपरोक्त योजनाओं से वित्त पोषित महिला उद्यमियों के उत्पाद की विपणन व्यवस्था और बैकवर्ड एवं फॉरवर्ड लिंकेज स्थापित करने के लिये एसआरएलएम/एनयूएलएम में परियोजना प्रबंधन इकाई एवं निगम में परियोजना प्रकोष्ठ स्थापित करने का अनुमोदन किया गया। निगम द्वारा गठित तेजस्विनी समूहों को आजीविका मिशन फोल्ड में लाने के लिए तेजस्विनी कार्यक्रम में उपलब्ध राशि में से 10 करोड़ रुपये ग्रामीण आजीविका मिशन को देने का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं-

- मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना लागू करने का निर्णय लिया। योजना में बाल देख-रेख संस्थाओं को छोड़ने वाले 18 वर्ष से अधिक आयु के केयर लीवर्स (आफ्टर केयर) और सम्बंधियों अथवा संरक्षकों के साथ जीवन-यापन करने वाले 18 वर्ष तक की आयु के अनाथ बच्चों को आर्थिक सहायता (स्पांसरशिप) दी जायेगी।
- योजना में केयर लीवर्स को इंटर्नशिप के समय 5 हजार रुपये प्रतिमाह अधिकतम एक वर्ष के लिये और व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने पर 5 हजार रुपये प्रतिमाह अधिकतम 2 वर्ष के लिये दिये जायेंगे।
- साथ ही नीट, जेईई या क्लैट से पाठ्यक्रम में प्रवेश करने वाले केयरलीवर्स को आजीविका व्यय के लिये 5 हजार रुपये प्रतिमाह दिये जायेंगे।
- आफ्टर केयर में शिक्षा अथवा इंटर्नशिप अथवा व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिये समस्त आर्थिक सहायता निर्धारित समयावधि या 24 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो तक दी जायेगी।
- स्पॉन्सरशिप में पात्र बच्चों के वैध संरक्षक के संयुक्त खाते में न्यूनतम एक वर्ष और अधिकतम 18 वर्ष तक 2 हजार रुपये की आर्थिक सहायता और आयुष्मान योजना में चिकित्सा सहायता दी जायेगी। इस तरह आर्थिक और शैक्षणिक सहयोग देकर अनाथ बच्चों को समाज में पुनर्स्थापित किये जाने का प्रयास किया जायेगा।
- मंत्रिपरिषद ने किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्पावधि फसल ऋण दिये जाने की योजना को वर्ष 2022-23 में निरंतर रखे जाने का निर्णय लिया। यह ऋण किसानों को सहकारी बैंकों/प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) से दिया जाता है।
- योजना में वर्ष 2022-23 के लिए बेसरेट 10 प्रतिशत रहेगा। खरीफ 2022 सीजन के लिए ड्यू डेट 28 मार्च 2023 और रबी 2022-23 सीजन के लिए ड्यू डेट 15 जून 2023 रहेगी। निर्धारित बेसरेट 10 प्रतिशत के अधीन खरीफ और रबी सीजन में अल्पावधि फसल ऋण लेने वाले सभी किसानों के लिये 3 प्रतिशत (सामान्य) ब्याज अनुदान तथा निर्धारित ड्यू डेट तक ऋण की अदायगी करने वाले किसानों को 4 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान प्रोत्साहन स्वरूप दिया जायेगा।
- यह योजना वर्ष 2012-13 से लागू है। इसमें 3 लाख रुपये तक के अल्पावधि फसल ऋण पर राज्य शासन ब्याज अनुदान उपलब्ध कराता है।
- मंत्रिपरिषद ने पेंच व्यपवर्तन (वृहद) परियोजना लागत राशि 3,395 करोड़ 70 लाख रुपये और सैंच क्षेत्र 1 लाख 26 हजार 647 हेक्टेयर की चतुर्थ पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

प्रोविजनल फायर एनओसी जारी नहीं की जाये

भोपाल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा है कि फायर अथॉरिटी के द्वारा एक वर्ष के लिए प्रोविजनल फायर एनओसी दिये जाने का वर्तमान में प्रचलन है, जो उचित नहीं है। इसके स्थान पर बिल्डिंग का निर्माण पूरा होने के बाद पूर्णता प्रमाण-पत्र देते समय फायर अथॉरिटी द्वारा बिल्डिंग का निरीक्षण करके फायर एनओसी जारी की जाये। उन्होंने इस संबंध में जरूरी आदेश जारी करने के निर्देश प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास को दिये हैं। श्री सिंह ने निर्देशित किया है कि अग्निशमन अधिनियम को एक माह में तैयार करें, जिससे अधिनियम को आगामी विधानसभा सत्र में पारित कराने प्रस्तुत किया जा सके। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में वर्तमान में अग्निशमन एक्ट लागू नहीं है।

गौरतलब है कि भूमि विकास नियम में विभाग द्वारा नगरपालिक निगमों के आयुक्त एवं संभागीय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन को नगरीय क्षेत्रों, जिला कलेक्टरों को ग्रामीण क्षेत्रों और मुख्य कार्यपालन अधिकारी कैंटोनमेंट बोर्ड को संबंधित क्षेत्र के लिये फायर अथॉरिटी घोषित किया गया है।

मुख्यमंत्री की केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी से मुलाकात

मध्यप्रदेश के 10 शहरों में 21 फ्लाई-ओवर के निर्माण की स्वीकृति का किया आग्रह

नई दिल्ली, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी से भेंट कर राज्य के सड़क परिवहन और राजमार्ग से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने केंद्रीय सड़क अधोसंरचना निधि से 3,257 करोड़ रुपये की लागत के 37 कार्यों के लिये प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के बड़े और मध्यम शहरों में यातायात सुगम बनाने के लिए सेतु बंधन योजना में 10 शहर में 21 फ्लाईओवर के निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। बैठक में अटल प्रगति पथ, दिल्ली-बड़ोदरा एक्सप्रेस-वे, सेतु बंधन योजना और रोप-वे निर्माण आदि के तकनीकी और वित्तीय पहलुओं पर

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी से मध्यप्रदेश में सड़क परिवहन संबंधी विषयों पर चर्चा की।

विस्तार से चर्चा हुई। श्री चौहान ने अटल प्रगति पथ के रोड अलाइमेंट संशोधित होने से भू-अर्जन, वन एवं पर्यावरण संबंधी अनुमतियों की कार्यवाही को गति देने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना के लिये शासकीय भूमि निःशुल्क उपलब्ध करवायी जायेगी। इसके अतिरिक्त निजी भूमि के बदले समतुल्य शासकीय भूमि भी राज्य शासन निःशुल्क उपलब्ध करायेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली-बड़ोदरा एक्सप्रेस-वे 7 स्थान पर मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण सड़कों से गुजर रहा है, जहां कनेक्टिविटी के लिए कुल 475 किलोमीटर के फोर-लेन मार्ग के निर्माण की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में पीपीपी मॉडल पर 15 स्थान पर रोप-वे निर्माण प्रस्तावित है। इससे संबंधित फिजीबिलिटी रिपोर्ट शीघ्र तैयार करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग लॉजिस्टिक मैनेजमेंट कम्पनी को निर्देशित करने का अनुरोध किया। श्री चौहान ने 7 किलोमीटर लम्बे मालीवाया-सलकनपुर-नीलकछार मार्ग के चौड़ीकरण के लिए केंद्रीय सड़क अधोसंरचना निधि से स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया।

इंटरमीडिएट ग्रेड ड्राइंग परीक्षा 30 सितम्बर एवं एक अक्टूबर को होगी

भोपाल, कला संचालनालय, महाराष्ट्र शासन द्वारा संचालित प्रतिष्ठित शासकीय एलीमेंट्री और इंटरमीडिएट ग्रेड ड्राइंग परीक्षा 2022 का कार्यक्रम घोषित हो गया है। इंटरमीडिएट ग्रेड परीक्षा 23-24 सितम्बर को एवं एलीमेंट्री ग्रेड परीक्षा 30 सितम्बर एवं एक अक्टूबर को होगी। ड्राइंग ग्रेड परीक्षा में सिर्फ स्टिल-लाइफ, मेमोरी ड्राइंग, डिजाइन और ज्योमेट्री की प्रैक्टिकल परीक्षा होती है। खास बात है कि परीक्षा देने के लिए क्वालिफिकेशन और उम्र का कोई बंधन नहीं है। इंटरमीडिएट ग्रेड एग्जाम सर जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट्स जैसे संस्थानों में प्रवेश के लिए विशेष अर्हता है। इसके अलावा डिज़ाइन के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश के लिए भी इस परीक्षा में सम्मिलित होना लाभदायक है। इंटरमीडिएट परीक्षा पास करने पर कई सरकारी नौकरियों में नियुक्ति की पात्रता और वरीयता मिलती है (जैसे पी.डब्ल्यू.डी., वन विभाग, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग आदि)। इसके अलावा स्कूलों में आर्ट टीचर के लिए भी मददगार है। परीक्षा के फॉर्म भोपाल केंद्र अंकुर हायर सेकेंडरी स्कूल, 74 बंगले से 12 अगस्त से 25 अगस्त, 2022 तक प्राप्त किये जा सकते हैं। फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 25 अगस्त है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
हर घर तिरंगा
13-15 अगस्त 2022

कार्यालय अध्यक्ष काउंसलिंग समिति
आयुक्त तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश शासन

ऑनलाइन ऑफ़ कैम्पस काउंसलिंग 2022-23
दिनांक 05.08.2022 से

मध्यप्रदेश में संचालित विभिन्न तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ

- बी.ई./बी.टेक.
- बी.आर्क.
- बीएचएमसीटी
- बी./डी. फार्मेसी
- एमबीए
- एमसीए
- एमई/एम.टेक.
- एम.फार्म.
- इंटीग्रेटेड एमबीए
- इंटीग्रेटेड एमसीए
- एम.आर्क.
- फार्म.डी.
- फार्म.डी. (Post Baccalaureate)
- लेटरल एन्ट्री (बी.ई./बी. फार्मेसी)
- डिप्लोमा इंजीनियरिंग
- डिप्लोमा (MOM, BCC, Film Tech. & T.V. Production)
- डिप्लोमा (एकलव्य-अंबेडकर योजना)

जारी की गई विस्तृत समय-सारणी, प्रवेश नियम,
अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता
केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट dte.mponline.gov.in पर उपलब्ध हैं/रहेंगे।
काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।

संपर्क : (0755) 6720205, 2660441
ईमेल : dte.helpcenter@mp.gov.in
अध्यक्ष काउंसलिंग समिति एवं आयुक्त तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

R-47391/2022 M.P. Madhyam/105892/2022

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में
खरगोन, बालाघाट, नरसिंहपुर,
छिन्दवाड़ा, बीना, धार
एवं अशोकनगर जिलों में
एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006,
9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण

- कॅरियर की खबरें
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

दलाई लामा

लद्दाख के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित

तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा को लद्दाख के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया। दलाई लामा को मानवता की सेवा के क्षेत्र में उनके अपार योगदान के लिए 'डीपाल आरएनजीम डस्टन' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। दलाई लामा को यह पुरस्कार विशेषकर केंद्र शासित प्रदेश के लिए उनके योगदान को देखते हुए लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद (एलएएचडीसी) द्वारा प्रदान किया गया है। दलाई लामा ने पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर खुशी जताते हुए कहा है कि क्षेत्र में सांप्रदायिक सद्भावना बनाए रखना बेहद आवश्यक है।

आर्या वालवेकर

मिस इंडिया यूएसए 2022 बनीं

भारतीय-अमेरिकी आर्या वालवेकर ने इस साल 'मिस इंडिया यूएसए 2022' का खिताब जीत लिया है। वर्जीनिया की रहने वाली 18 वर्षीय आर्या को न्यू जर्सी में आयोजित वार्षिक प्रतियोगिता में 'मिस इंडिया यूएसए 2022' का ताज पहनाया गया। 'यूनिवर्सिटी ऑफ वर्जीनिया' की छात्र सौम्या शर्मा दूसरे और न्यूजर्सी की संजना चेकुरी तीसरे स्थान पर रहीं। वाशिंगटन की अक्षी जैन ने 'मिसेज इंडिया यूएसए' प्रतियोगिता जीती और न्यूयॉर्क की तन्वी ग्रोवर को 'मिस टीन इंडिया यूएसए' चुना गया।

नल्लाथम्बी कलाइसेल्वी

सीएसआईआर की महानिदेशक नियुक्त

वरिष्ठ वैज्ञानिक नल्लाथम्बी कलाइसेल्वी को वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की पहली महिला महानिदेशक चुना गया है। सीएसआईआर देशभर के 38 अनुसंधान संस्थानों का एक संघ है। कार्मिक मंत्रालय के अनुसार वह शेखर मांडे का स्थान लेंगी, जो अप्रैल में सेवानिवृत्त हो गए। मांडे के सेवानिवृत्त होने के बाद जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव राजेश गोखले को सीएसआईआर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। कलाइसेल्वी अभी तमिलनाडु के करईकुडी में सीएसआईआर-केंद्रीय विद्युत रासायनिक अनुसंधान संस्थान की निदेशक हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार ने

डेलॉयट इंडिया को सलाहकार नियुक्त किया

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य की अर्थव्यवस्था को एक हजार अरब डॉलर करने के लिए डेलॉयट इंडिया को सलाहकार नियुक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में उच्चाधिकार समिति की सिफारिश पर यह निर्णय लिया गया। इस दौरान कहा गया कि भारत की अर्थव्यवस्था को पांच हजार अरब डॉलर करने के प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक हजार अरब डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए राज्य सरकार क्षेत्रवार कार्ययोजना तैयार कर रही है।

श्री इंद्रजीत कैमोत्रा

यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी और सीईओ बने

यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने इंद्रजीत कैमोत्रा को बैंक का प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एमडी और सीईओ) नियुक्त किया है। कैमोत्रा ने न्यूयॉर्क में क्लार्कसन विश्वविद्यालय से एमबीए किया। कैमोत्रा पहले सेंट्रम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक थे। उनके पास बैंकिंग क्षेत्र में 25 से अधिक वर्षों का अनुभव है। उन्होंने स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक में विभिन्न पदों पर कार्य किया है।

अमेरिकी सीनेट ने

स्वीडन और फिनलैंड को नाटो में शामिल करने की मंजूरी दी

अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट ने स्वीडन और फिनलैंड को नाटो में शामिल करने को मंजूरी दे दी है। प्रस्ताव के पक्ष में जोरदार उत्साह दिखाते हुए डेमोक्रेट और रिपब्लिकन दोनों के 95 सदस्यों ने वोट किया, विपक्ष में मात्र एक रिपब्लिकन सांसद ने वोट डाला। विरोध में वोट करने वाले रिपब्लिकन जोश हाउले ने तर्क दिया कि हमें यूरोप की सुरक्षा पर फोकस कम करने की जरूरत है, जबकि चीन के खतरे पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। यूक्रेन-रूस की जंग के बीच स्वीडन और फिनलैंड ने नाटो का सदस्य बनने के लिए आवेदन किया है। इससे पहले फ्रांस की नेशनल असेंबली ने भी प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

श्री रंजीत रथ

ऑयल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन बने

रंजीत रथ सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) के चेयरमैन नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने पदभार भी संभाल लिया है। रथ एक भू-वैज्ञानिक हैं। उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे, आईआईटी खड़गपुर और उत्कल विश्वविद्यालय से पढ़ाई की है। वे पहले मिनरल एक्सप्लोरेशन एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (एमईसीएल) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक थे। उन्होंने सुशील चंद्र मिश्रा का स्थान लिया है, जो 30 जून को सेवानिवृत्त हुए थे। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी में यह पद संभालने वाले रथ सबसे युवा अधिकारियों में से हैं।

रविंदर टक्कर

वोडाफोन-आइडिया के अध्यक्ष नियुक्त

वोडाफोन-आइडिया ने रविंदर टक्कर को कंपनी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। निदेशक मंडल ने कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रविंदर टक्कर को नया अध्यक्ष नियुक्त करने का फैसला लिया है। रविंदर 19 अगस्त को हिमांशु कपानिया की जगह लेंगे। हालांकि वह गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में बोर्ड में बने रहेंगे। बता दें, टक्कर के पास 30 से अधिक वर्षों का अनुभव है। वह दो साल तक सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन भी रहे हैं।

नई दिल्ली में

आयोजित होगी इंटरनेशनल डेयरी फेडरेशन वर्ल्ड डेयरी समिट

इंटरनेशनल डेयरी फेडरेशन वर्ल्ड डेयरी समिट 12 सितंबर से नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। इसकी थीम 'आजीविका और पोषण' रखी गई है। इससे पहले भारत ने 1974 में अंतर्राष्ट्रीय डेयरी कांग्रेस की मेजबानी की थी। आईडीएफ वर्ल्ड डेयरी समिट वैश्विक डेयरी क्षेत्र की एक वार्षिक बैठक है, जिसमें दुनियाभर से लगभग 1500 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इसमें डेयरी प्रसंस्करण कंपनियों के सीईओ, डेयरी किसान, डेयरी उद्योग के आपूर्तिकर्ता, शिक्षाविद्, सरकारी प्रतिनिधि आदि शामिल होंगे। बता दें, भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है।

अमेजन ने

भारतीय रेलवे से किया समझौता

अमेजन इंडिया ने अपनी डिलीवरी सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रेलवे के साथ समझौता किया है। अमेजन इंडिया ने 110 से अधिक 'इंटरसिटी' मार्गों पर ग्राहकों तक अपने सामान की डिलीवरी के लिए भारतीय रेलवे से करार किया है। ग्राहकों को एक से दो दिन के भीतर सामान की डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए यह समझौता किया गया है। बता दें, अमेजन ने 2019 में भारतीय रेलवे के साथ काम करना शुरू किया। इस समझौते के बाद कटरा, पोरबंदर, झांसी और ग्वालियर जैसे शहरों में तेजी से डिलीवरी हो सकेगी।

आईआईटी कानपुर

डिजिटल लेनदेन को आसान और सुरक्षित बनाने में मदद करेगा

स्वदेशी डिजिटल भुगतान अब और अधिक सुरक्षित व आसान होगा। इसकी जिम्मेदारी आईआईटी कानपुर के वैज्ञानिकों को दी गई है। डिजिटल लेनदेन को पूरी तरह साइबर सुरक्षित करने की तकनीक विकसित की जाएगी। इसको लेकर आईआईटी कानपुर और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के बीच एक समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत एनपीसीआई के साथ मिलकर आईआईटी के वैज्ञानिक मजबूत डिजिटल भुगतान समाधान विकसित करेंगे। इसमें मुख्य रूप से साइबर सुरक्षा पर काम होगा।

बिहार

लंगट सिंह कॉलेज की वेधशाला यूनेस्को की धरोहर सूची में शामिल

यूनेस्को ने बिहार के मुजफ्फरपुर के लंगट सिंह कॉलेज में स्थित 106 साल पुरानी खगोलीय वेधशाला को धरोहर सूची में शामिल किया है। पूर्वी भारत में अपनी तरह की पहली इस वेधशाला की स्थापना 1916 में की गई थी। वर्ष 1946 में कॉलेज में एक तारामंडल भी स्थापित किया गया था। हालांकि 1970 के बाद वेधशाला के साथ-साथ तारामंडल की स्थिति धीरे-धीरे गिरने लगी और वहां स्थापित अधिकांश मशीनें या तो खो गईं या कबाड़ में तब्दील हो गई हैं। बता दें, लंगट सिंह कॉलेज की स्थापना 1899 में की गई थी। यह कॉलेज अब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय से संबद्ध है।

यूएन महासभा ने

स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण को माना मानवाधिकार

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने स्वच्छ, स्वस्थ और टिकाऊ पर्यावरण को मानवाधिकार के रूप में मान्यता देने वाला प्रस्ताव पारित किया है। इस ऐतिहासिक प्रस्ताव के समर्थन में 161 देशों ने वोट दिया, जबकि चीन समेत आठ देश मतदान से अनुपस्थित रहे। भारत ने प्रस्ताव के पक्ष में मत दिया, लेकिन इसकी प्रक्रिया और इसके सार पर चिंताएं व्यक्त कीं। बता दें, वर्ष 1972 में पहली बार पर्यावरणीय मुद्दों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जोरशोर से उठाया गया था। तब स्टॉकहोम में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सम्मेलन में घोषणा-पत्र जारी किया गया था।

आईएफएस श्वेता सिंह

प्रधानमंत्री कार्यालय में निदेशक नियुक्त

भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) की अधिकारी श्वेता सिंह को प्रधानमंत्री कार्यालय में निदेशक नियुक्त किया गया है। श्वेता सिंह 2008 बैच की आईएफएस अधिकारी हैं। कार्मिक मंत्रालय ने इसे लेकर आदेश जारी किया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने उनके तीन साल के कार्यकाल को मंजूरी दी है। बता दें, 1977 तक 'प्रधानमंत्री कार्यालय' को 'प्रधानमंत्री सचिवालय' कहा जाता था, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के कार्यकाल में इसका नाम बदलकर 'प्रधानमंत्री कार्यालय' कर दिया गया।

श्री सुरेश एन पटेल

केंद्रीय सतर्कता आयुक्त बने

श्री सुरेश एन पटेल देश के नए केंद्रीय सतर्कता आयुक्त (सीवीसी) बन गए हैं। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें केंद्रीय सतर्कता आयोग के प्रमुख पद की शपथ दिलाई। यह पद एक साल से रिक्त था। श्री पटेल कार्यवाहक सीवीसी के रूप में इस साल जून से सेवाएं दे रहे थे। इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू भी उपस्थित थे। आंध्र बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी पटेल को अप्रैल 2020 में सतर्कता आयुक्त नियुक्त किया गया था।

गूगल ने

इंडिया की उड़ान परियोजना शुरू की

भारत की आजादी के 75 साल के सफर में हासिल की गई अहम उपलब्धियों को समेटते हुए गूगल ने एक ऑनलाइन परियोजना 'इंडिया की उड़ान' शुरू की है। इसमें समृद्ध अभिलेखागार और कलात्मक चित्रण के जरिये देश की कहानी बयां की गई है। 'गूगल आर्ट्स एंड कल्चर' द्वारा शुरू की गई यह परियोजना देश की उपलब्धियों का जश्न मनाती है और इन 75 वर्षों में भारत की अटूट और अमर भावना पर आधारित है। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी और संस्कृति मंत्रालय तथा गूगल के वरिष्ठ अधिकारियों ने एक समारोह में इंडिया की उड़ान का आधिकारिक रूप से शुभारंभ किया।

स्मृति शेष

हॉलीवुड अभिनेत्री निकेल निकोल्स का निधन

हॉलीवुड अभिनेत्री एवं टीवी श्रृंखला स्टार ट्रेक की अदाकारा निकेल निकोल्स का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके पुत्र काइल जॉनसन ने उनके निधन पर सोशल मीडिया पर लिखा कि इतने सालों से आकाश में चमकता एक सितारा अब हमारे बीच नहीं रहा। उनका प्रकाश प्राचीन आकाशगंगाओं की तरह हमारे और आने वाली पीढ़ियों के लिए आनंद लेने और सीखने की प्रेरणा देता रहेगा।

सिनेमैटोग्राफर टॉम रिचमंड का निधन

हॉलीवुड के प्रसिद्ध सिनेमैटोग्राफर टॉम रिचमंड का 72 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने कैमरे के लेंस से स्टैंड एंड डिलीवर, किलिंग जो, लिटिल ओडेसा, स्लम्स ऑफ बेवर्ली हिल्स जैसे फिल्मों पर पर्दे पर उतारा है। रिचमंड ने करीब 40 फिल्मों में सिनेमैटोग्राफर के तौर पर काम किया था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कोरोना को मारने के तीन हथियार, हाथ धुलायी, मास्क और वैक्सीन का वार।

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी क्षेत्र-इंदौर

शुद्धिपत्र क्रमांक 03/12-13-18/2021, दिनांक 08.08.2022

आयुष विभाग अंतर्गत चिकित्सा अधिकारियों के पदों की पूर्ति हेतु जारी विज्ञापनों हेतु परीक्षा के आयोजन विषयक सूचना

01 आयोग द्वारा मध्यप्रदेश शासन आयुष विभाग, हेतु निम्नानुसार विज्ञापन प्रकाशित किए गए हैं :-

क्र.	विज्ञापन क्रमांक/दिनांक	विज्ञापित पद का नाम
1.	12/2021, दिनांक 28.12.2021	आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी
2.	13/2021, दिनांक 28.12.2021	होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी
3.	18/2021, दिनांक 30.12.2021	यूनानी चिकित्सा अधिकारी

02 उक्त विज्ञापनों के अंतर्गत विज्ञापित पदों हेतु परीक्षा ऑफलाइन पद्धति से (OMR Sheet आधारित) निम्नानुसार आयोजित की जा रही है -

क्र.	विज्ञापन क्रमांक/दिनांक विज्ञापित पद का नाम	परीक्षा केन्द्र	परीक्षा तिथि	समय
1.	12/2021, दिनांक 28.12.2021 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी	इन्दौर, भोपाल जबलपुर एवं ग्वालियर	25.09.2022 (रविवार)	दोपहर 12.00 बजे से दोपहर पश्चात 03.00 बजे तक
2.	13/2021, दिनांक 28.12.2021 होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी			
3.	18/2021, दिनांक 30.12.2021 यूनानी चिकित्सा अधिकारी	इन्दौर एवं भोपाल		

03 विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

जी-15446/47405/2022 **उप सचिव**

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई
तहसील कैम्पस सागर (म.प्र.)

एनआईटी नं. - 16/2022/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/एपीडी/... सागर, दिनांक : 05.08.2022

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. मालथौन जिला सागर में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)

पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनुमा. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	कार्यालय का नाम जहां तकनीकी बिड भौतिक रूप से सत्यापित की जावेगी
2022_PWPIU_216012_1	सागर	42.12	50000	5000	06 माह	अतिरिक्त परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. जबलपुर

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. सुरखी जिला सागर में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)

2022_PWPIU_216013_1	सागर	42.12	50000	5000	06 माह	अतिरिक्त परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. जबलपुर

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. सागर जिला अस्पताल में 100 बिस्तरीय फील्ड अस्पताल भवन निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)

2022_PWPIU_216014_1	सागर	631.74	631740	20000	16 माह	अतिरिक्त परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. जबलपुर

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 4. जिला सागर में संयुक्त तहसील कार्यालय भवन निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)

2022_PWPIU_216015_1	सागर	465.42	465420	15000	14 माह	अतिरिक्त परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. जबलपुर

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 5. बिलेहरा जिला सागर में राजस्व विभाग हेतु 01 नग जी टाईप आवासगृह निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)

2022_PWPIU_216016_1	सागर	39.22	50000	5000	06 माह	अतिरिक्त परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. जबलपुर

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 6. सीहोरा जिला सागर में राजस्व विभाग हेतु 01 नग जी टाईप आवासगृह निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)

2022_PWPIU_216017_1	सागर	39.22	50000	5000	06 माह	अतिरिक्त परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. जबलपुर

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 7. सुरखी जिला सागर में राजस्व विभाग हेतु 01 नग जी टाइप आवासगृह निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)

2022_PWPIU_216018_1	सागर	39.22	50000	5000	06 माह	अतिरिक्त परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. जबलपुर

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 8. जैसीनगर जिला सागर में राजस्व विभाग हेतु 02 नग जी टाईप एवं 02 नग एफ टाईप आवासगृह निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)

2022_PWPIU_216019_1	सागर	177.53	177530	12500	12 माह	अतिरिक्त परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. जबलपुर

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 9. राहतगढ़ जिला सागर में राजस्व विभाग हेतु 02 नग जी टाईप एवं 02 नग एफ टाईप आवासगृह निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)

2022_PWPIU_216020_1	सागर	177.53	177530	12500	12 माह	अतिरिक्त परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. जबलपुर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल
द्वितीय तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल (म.प्र.)

नि.आं.सू.क./05/2022-23/371 **भोपाल, दिनांक 08.08.2022**

निविदा आमंत्रण सूचना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाइन (निविदा ई-टेंडरिंग के माध्यम) से (www.mptenders.gov.in) (Department of Directorate of Health Services) टेंडर तीन लिफाफा पद्धति से प्रपत्र 'अ' फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू लोक निर्माण विभाग, भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एस.ओ.आर. 01.12.2020 (निविदा सूचना जारी होने तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार है -

ई-निविदा सूचना क्रमांक-05/2022-23 दिनांक 08.08.2022

स. क्र.	टेंडर नं. 2022_DHS	कार्य का नाम	अनुमानित लागत राशि (लाख में)	जमा धरोहर राशि रु.	टेंडर दर राशि रु.	समय सीमा
1.	215953	जिला चिकित्सालय रायसेन में इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब (IPHL) का निर्माण कार्य।	119.63	1,19,630/-	12500/-	09 माह वर्षाकाल सहित
2.	215955	ग्राम सियरमउ विकासखंड सिलवानी जिला रायसेन में 06 बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का उन्नयन/निर्माण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण**	164.92	1,64,920/-	12500/-	15 माह वर्षाकाल सहित
3.	215956	ग्राम बेरखेड़ी बरामदगढ़ी विकासखंड बेगमगंज जिला रायसेन में 06 बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का उन्नयन/निर्माण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण**	164.92	1,64,920/-	12500/-	15 माह वर्षाकाल सहित
4.	215957	ग्राम गढ़ी विकासखंड गैरतगंज जिला रायसेन में 06 बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का उन्नयन/निर्माण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण**	164.92	1,64,920/-	12500/-	15 माह वर्षाकाल सहित
5.	215958	ग्राम पैमत विकासखंड सांची जिला रायसेन में 06 बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का उन्नयन/निर्माण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण**	164.92	1,64,920/-	12500/-	15 माह वर्षाकाल सहित
6.	215959	ग्राम पोडी, सिलावानी एवं ग्राम हाउसिंग बोर्ड विकासखंड बनखेड़ी, केसला एवं होशंगाबाद जिला होशंगाबाद में उपस्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण कार्य। **चतुर्थ आमंत्रण**	113.52	1,13,520/-	12500/-	12 माह वर्षाकाल सहित
7.	215963	ग्राम धारूखेड़ी, ग्राम मुराहर एवं ग्राम इकोदिया विकासखंड कुरवाई, गंजबासोदा जिला विदिशा में उपस्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण कार्य। **चतुर्थ आमंत्रण**	113.52	1,13,520/-	12500/-	12 माह वर्षाकाल सहित

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट **(http://www.mptenders.gov.in)** पर देखी जा सकती हैं। 2. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 12.08.2022 प्रातः 10.30 से दिनांक 26.08.2022 सायं 17.30 तक** क्रय किये जा सकते हैं। 3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी एन.एच.एम. भोपाल के पक्ष में देय होगी। 4. एन.आई.टी. में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाइट **(http://www.mptenders.gov.in)** पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रों में नहीं। 5. स.क्र. 1 के कार्य हेतु विशेष शर्त लागू होंगी।

कार्यपालन यंत्री

जी-15457/47409/2022 **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, संभाग-भोपाल**

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई
पांडवनगर जिला शहडोल (म.प्र.)

E-mail :- piushahdol@gmail.ocm

एनआईटी नं. :- 16/2022/केन्द्रीयकृत निविदा/एपीडी/पी.आई.यू./1275 रीवा, दिनांक : 05.08.2022

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. सी.एम. राइज स्कूल का निर्माण कार्य (भूतल, प्रथम तल एवं द्वितीय तल पर) शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊ ब्लॉक ब्यौहारी जिला शहडोल (म.प्र.)। **(प्रथम आमंत्रण)**

पोर्टल टेंडर आई.डी.	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित
2022_PWPIU_216313_1	शहडोल	2491.97	12,45,985/-	50000/-	18 माह (वर्षाकाल सहित)	भूमि उपलब्ध

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।

2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।

3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 10.08.2022 समय 10.00 AM से दिनांक 24.08.2022 समय 6.00 PM** तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री

जी-15433/47404/2022 **लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. जिला-शहडोल (म.प्र.)**

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।

2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।

3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 10.08.2022 समय 10.30 से दिनांक 24.08.2022 समय 17.30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री

जी-15431/47403/2022 **लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. सागर**

कार्यालय कलेक्टर (जनजातीय कार्य विभाग) जिला बड़वानी (म.प्र.)

क्रमांक/5955/ई-टेण्डर/जनजातीय/निर्माण/2022-23 बड़वानी, दिनांक : 8.08.2022

निविदा

बड़वानी जिले में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित निम्नांकित विभागीय छात्रावास/उ.मा.वि. शालाओं में उनके नाम के सम्मुख अंकित निर्माण कार्य हेतु मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग में नवीन व्यवस्था अंतर्गत "स" श्रेणी या उससे ऊपर पंजीकृत ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ./प.) भोपाल द्वारा जारी भवन कार्य की दर अनुसूची जो कि दिनांक 01 दिसम्बर 2020 से लागू तथा निविदा जारी होने के दिनांक तक जारी संशोधनों के साथ एतद् द्वारा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से "प्रपत्र-अ" में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र मध्यप्रदेश शासन की वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** से ऑनलाइन क्रय किये जा सकते हैं। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं अन्य तिथियां उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती हैं।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	ग्रुप	विकास खण्ड	छात्रावास/आश्रम का नाम	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत लाख में	प्रतिभूति की राशि रुपये में	निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये में	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	2022_TAD_214216	"A"	बड़वानी	शा. आदिवासी आशा बाल आश्रम बड़वानी	लघुमूल कार्य	5.20	48220	2000	उपयुक्त	01 माह
			बड़वानी	शा. आदिवासी कन्या आश्रम (अंग्रेजी माध्यम) बड़वानी	लघुमूल कार्य	9.49				
			बड़वानी	शा. आदिवासी नवीन आश्रम शाला (अंग्रेजी माध्यम) 6 से 8 बड़वानी	लघुमूल कार्य	9.42				
				योग -		**24.11**	**48220**	**2000**	**उपयुक्त**	**01 माह**
2.	2022_TAD_214217	"B"	बड़वानी	शा. आदिवासी सीनियर बालक पुराना छात्रावास बड़वानी	लघुमूल कार्य	5.23	37480	2000	उपयुक्त	01 माह
			बड़वानी	शा. आदिवासी बालक उत्कृष्ट शिक्षा संस्थान छात्रावास बड़वानी	लघुमूल कार्य	8.28				
			बड़वानी	शा. आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास क्रमांक 1/2 बड़वानी	लघुमूल कार्य	5.23				
				योग -		**18.74**	**37480**	**2000**	**उपयुक्त**	**01 माह**
3.	2022_TAD_214218	"C"	बड़वानी	शा. आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास बड़वानी	लघुमूल कार्य	6.58	45760	2000	उपयुक्त	01 माह
			बड़वानी	शा. आदिवासी कन्या सीनियर उत्कृष्ट शिक्षा संस्थान छात्रावास बड़वानी	लघुमूल कार्य	4.67				
			बड़वानी	शा. आदिवासी बालक महाविद्यालयीन छात्रावास बड़वानी	लघुमूल कार्य	6.40				
			बड़वानी	शा. आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास बड़वानी	लघुमूल कार्य	5.23				
				योग -		**22.88**	**45760**	**2000**	**उपयुक्त**	**01 माह**
4.	2022_TAD_214219	"D"	बड़वानी	शा. आदिवासी बालक सामुदायिक कल्याण केन्द्र सिलावद	लघुमूल कार्य	6.13	32240	2000	उपयुक्त	01 माह
			बड़वानी	शा. आदिवासी कन्या सामुदायिक कल्याण केन्द्र सिलावद	लघुमूल कार्य	5.89				
			बड़वानी	शा. आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास सिलावद	लघुमूल कार्य	4.10				
				योग -		**16.12**	**32240**	**2000**	**उपयुक्त**	**01 माह**
5.	2022_TAD_214220	"E"	बड़वानी	शा. आदिवासी बालक आश्रम मेणीमाता	लघुमूल कार्य	4.85	30620	2000	उपयुक्त	01 माह
			बड़वानी	शा. आदिवासी बालक आश्रम सुस्तीखेड़ा	लघुमूल कार्य	5.23				
			बड़वानी	शा. आदिवासी कन्या आश्रम सुस्तीखेड़ा	लघुमूल कार्य	5.23				
				योग -		**15.31**	**30620**	**2000**	**उपयुक्त**	**01 माह**
6.	2022_TAD_214221	"F"	बड़वानी	शा. आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास बालकुंआ	लघुमूल कार्य	5.23	60280	2000	उपयुक्त	01 माह
			बड़वानी	शा. आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास भवती	लघुमूल कार्य	6.46				
			बड़वानी	शा. आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास लोनसरा	लघुमूल कार्य	4.91				
			बड़वानी	शा. आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास तलवाड़ा बुजुर्ग	लघुमूल कार्य	5.30				
			बड़वानी	शा. आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास बोरलाय	लघुमूल कार्य	8.24				
				योग -		**30.14**	**60280**	**2000**	**उपयुक्त**	**01 माह**
7.	2022_TAD_214222	"G"	पाटी	शा. आदिवासी अंग्रेजी माध्यम आदिवासी बालक आश्रम पाटी	लघुमूल कार्य	9.46	74980	2000	उपयुक्त	01 माह
			पाटी	शा. आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास पाटी	लघुमूल कार्य	9.75				
			पाटी	शा. आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास पाटी (अतिरिक्त शीट)	लघुमूल कार्य	9.37				
			पाटी	शा. आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास पाटी (अतिरिक्त शीट)	लघुमूल कार्य	8.91				
				योग -		**37.49**	**74980**	**2000**	**उपयुक्त**	**01 माह**
8.	2022_TAD_214223	"H"	पाटी	शा. आदिवासी कन्या आश्रम वोकराटा	लघुमूल कार्य	6.32	53480	2000	उपयुक्त	01 माह
			पाटी	शा. आदिवासी बालक आश्रम वोकराटा	लघुमूल कार्य	6.14				
			पाटी	शा. आदिवासी बालक आश्रम पिपरकुण्ड	लघुमूल कार्य	6.11				
			पाटी	शा. आदिवासी कन्या आश्रम पिपरकुण्ड	लघुमूल कार्य	8.17				
				योग -		**26.74**	**53480**	**2000**	**उपयुक्त**	**01 माह**
9.	2022_TAD_214224	"I"	पाटी	शा. आदिवासी बालक आश्रम रोसर	लघुमूल कार्य	9.59	70080	2000	उपयुक्त	01 माह
			पाटी	शा. आदिवासी कन्या आश्रम रोसर	लघुमूल कार्य	9.78				
			पाटी	शा. आदिवासी बालक आश्रम लिम्बी	लघुमूल कार्य	7.72				
			पाटी	आदिवासी कन्या आश्रम लिम्बी	लघुमूल कार्य	7.95				
				योग -		**35.04**	**70080**	**2000**	**उपयुक्त**	**01 माह**
10.	2022_TAD_214225	"J"	पाटी	शा. आदिवासी बालक आश्रम गंधावन	लघुमूल कार्य	7.77	48720	2000	उपयुक्त	01 माह
			पाटी	शा. आदिवासी कन्या आश्रम ठान	लघुमूल कार्य	6.20				
			पाटी	शा. आदिवासी कन्या आश्रम डोंगरगांव	लघुमूल कार्य	10.39				
				योग -		**24.36**	**48720**	**2000**	**उपयुक्त**	**01 माह**
11.	2022_TAD_214226	"K"	राजपुर	शा. आदिवासी अंग्रेजी माध्यम कन्या आश्रम राजपुर	लघुमूल कार्य	7.75	48100	2000	उपयुक्त	01 माह
			राजपुर	शा. आदिवासी सीनियर बालक उत्कृष्ट छात्रावास राजपुर	लघुमूल कार्य	8.17				
			राजपुर	शा. आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास पलसूद	लघुमूल कार्य	8.13				
				योग -		**24.05**	**48100**	**2000**	**उपयुक्त**	**01 माह**
12.	2022_TAD_214227	"L"	राजपुर	शा. आदिवासी कन्या आश्रम नामलवाडी	लघुमूल कार्य	5.23	26360	2000	उपयुक्त	01 माह
			राजपुर	शा. आदिवासी कन्या आश्रम घुसगांव	लघुमूल कार्य	7.95				
				योग -		**13.18**	**26360**	**2000**	**उपयुक्त**	**01 माह**
13.	2022_TAD_214228	"M"	राजपुर	शा. आदिवासी बालक आश्रम खजूरी	लघुमूल कार्य	7.71	31160	2000	उपयुक्त	01 माह
			राजपुर	शा. आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास वासवी	लघुमूल कार्य	7.87				
				योग -		**15.58**	**31160**	**2000**	**उपयुक्त**	**01 माह**
14.	2022_TAD_214229	"N"	ठीकरी	शा. आदिवासी बालक अंग्रेजी मा. आश्रम शाला ठीकरी	लघुमूल कार्य	8.91	51680	2000	उपयुक्त	01 माह
			ठीकरी	शा. आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास बरूफाटक	लघुमूल कार्य	5.48				
			ठीकरी	शा. आदिवासी कन्या आश्रम मदरान्या	लघुमूल कार्य	5.90				
			ठीकरी	शा. आदिवासी कन्या आश्रम बघाड़ी	लघुमूल कार्य	5.55				
				योग -		**25.84**	**51680**	**2000**	**उपयुक्त**	**01 माह**
15.	2022_TAD_214230	"O"	ठीकरी	शा. आदिवासी बालक आश्रम बांदरकच्छ	लघुमूल कार्य	6.42	43220	2000	उपयुक्त	01 माह
			ठीकरी	शा. आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास रणगांवडेर	लघुमूल कार्य	4.94				
			ठीकरी	शा. आदिवासी बालक आश्रम हरिवड़	लघुमूल कार्य	5.23				
			ठीकरी	शा. आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास अंजड़	लघुमूल कार्य	5.02				
				योग -		**21.61**	**43220**	**2000**	**उपयुक्त**	**01 माह**
16.	2022_TAD_214232	"P"	सेंधवा	शा. आदिवासी सीनियर बालक उत्कृष्ट छात्रावास सेंधवा	लघुमूल कार्य	5.01	20480	2000	उपयुक्त	01 माह
			सेंधवा	शा. आदिवासी कन्या सीनियर छात्रावास सेंधवा	लघुमूल कार्य	5.23				
				योग -		**10.24**	**20480**	**2000**	**उपयुक्त**	**01 माह**
17.	2022_TAD_214233	"Q"	सेंधवा	शा. आदिवासी कन्या आश्रम देवली	लघुमूल कार्य	5.94	56060	2000	उपयुक्त	01 माह
			सेंधवा	शा. आदिवासी जूनियर कन्या छात्रावास देवली	लघुमूल कार्य	9.68				
			सेंधवा	शा. आदिवासी कन्या आश्रम धवली	लघुमूल कार्य	5.38				
			सेंधवा	शा. आदिवासी बालक आश्रम दुगामी रोजानीमाल	लघुमूल कार्य	7.03				
				योग -		**28.03**	**56060**	**2000**	**उपयुक्त**	**01 माह**
18.	2022_TAD_214234	"R"	सेंधवा	शा. आदिवासी बालक सामुदायिक कल्याण केन्द्र वरला	लघुमूल कार्य	6.08	39220	2000	उपयुक्त	01 माह
			सेंधवा	शा. आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास बलवाड़ी	लघुमूल कार्य	5.23				
			सेंधवा	शा. आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास वरला	लघुमूल कार्य	8.30				
				योग -		**19.61**	**39220**	**2000**	**उपयुक्त**	**01 माह**

(शेष अगले पृष्ठ पर)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये सामान्य ज्ञान, शिक्षण एवं शोध अभियोग्यता

1. यह किसने कहा है कि "हमने शिक्षा को जीवन से काटकर मात्र परीक्षा और रोज़गार से जोड़ दिया है, जबकि शिक्षा तो जीवन के हर क्षेत्र और हर समय हम से सुरक्षा कवच के रूप में जुड़ी रहना चाहती है" -
अ. श्रीमती प्रतिभा पाटिल
ब. श्री नरेन्द्र मोदी
स. श्री अटल बिहारी वाजपेयी
द. श्री एस. राधाकृष्णन।

2. गूगल ड्राइव द्वारा जी-मेल में कितनी जी.बी. तक मुफ्त डाटा स्टोरेज सेवा प्रदान की जाती है -
अ. 5 ब. 10
स. 15 द. 20।

3. इनमें से सबसे बड़ी इकाई है -
अ. MB ब. GB
स. TB द. KB

4. रूसो ने किस ग्रंथ को शिक्षा पर लिखा गया सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ कहा है -
अ. रिपब्लिक को
ब. एजुकेशन लाइफ को
स. द टीचर को
द. सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी को।

5. शिक्षा मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन जून-2022 में संपन्न हुआ -
अ. सूरत में
ब. हैदराबाद में
स. गांधीनगर में
द. भुवनेश्वर में।

6. शोध का मुख्य ध्येय क्या है -
अ. अकादमिक उपाधि प्राप्त करना
ब. नए तथ्यों की खोज करना
स. नई तकनीक का प्रयोग करना
द. उक्त सभी।

7. "मूल्यांकन ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा सही तरीके से योग्यता का मापन किया जाता है।" यह कथन है -
अ. जॉन लॉक का
ब. रोनाल्ड रॉस का
स. गुड्स का
द. डॉ. राधाकृष्णन का।

8. इनमें से किसे 'अधिगम' (Learning) के सिद्धांतों पर अग्रणी कार्य करने के लिए नोबल पुरस्कार प्रदान किया गया था -
अ. लासवेल को
ब. लियो स्ट्रास को
स. मैकाले को
द. इवान पावलाव को।

9. बिना शिक्षक की मदद के पढ़ने की योग्यता का विकास किया जा सकता है -
अ. अभ्यास पुस्तिका के द्वारा
ब. गृह कार्य देकर
स. समाज सेवा सिखाकर
द. दृश्य-श्रव्य सामग्री द्वारा।

10. C.C.E. का पूर्ण रूप है -
अ. कम्प्लीट कंटीन्यू एनवायरनमेंट
ब. कंटीन्यूयस कॉम्प्रेन्सिव एवेल्यूशन
स. कंटीन्यू कन्ट्रोल बाय एक्जाम
द. इनमें से कोई नहीं।

11. एक प्राध्यापक के लिये सबसे मूल्यवान होना चाहिए -
अ. उसका वेतन एवं प्रमोशन
ब. विद्यार्थियों का विश्वास
स. सतत् वेतन वृद्धियां
द. विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास।

12. सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का प्रमुख कारक है -
अ. शक्ति ब. तकनीक प्रयोग
स. शिक्षा द. उक्त सभी।

13. जहां LUTE को MUTE और GATE को HATE लिखा जाता हो तो वहां BLUE को लिखा जाएगा -
अ. DLUE ब. CLUE
स. FLUE द. FLUD

14. ORGANISATION शब्द में से अक्षरों का प्रयोग करके कौन-सा शब्द नहीं बनेगा -
अ. NATION ब. ORGAN
स. GAIN द. ORIGINAL

15. ए और बी की आयु का योग 50 है। पांच साल पहले उनकी आयु का अनुपात 5/3 था। वर्तमान में ए और बी की आयु क्रमशः है -
अ. 35, 15 ब. 38, 12
स. 30, 20 द. 30, 25

16. इनमें विषम (अन्य तीन से भिन्न) संख्या है -
अ. 166 ब. 244
स. 288 द. 324

17. चार मित्र आयताकार मेज के चारों ओर बैठे हैं। यदि उमेश, सुरेश के दाईं ओर महेश, लोकेश के बाईं ओर है तो इनमें से कौन आमने-सामने बैठे हैं -
अ. महेश-लोकेश
ब. लोकेश-उमेश
स. उमेश-सुरेश
द. सुरेश-लोकेश।

18. इस श्रृंखला की अगली संख्या होगी- 1, 125, 729 ?
अ. 1449 ब. 2197
स. 2428 द. 2744

19. बिहू लोक नृत्य है -
अ. पंजाब का ब. हरियाणा का
स. असम का द. राजस्थान का।

20. 'प्रत्यक्ष प्रजातंत्र का घर' कहलाता है -
अ. अमेरिका ब. स्विट्जरलैंड
स. ब्रिटेन द. भारत।

21. भारत के किस एकमात्र राज्य में 'समान नागरिक संहिता' प्रचलित है -
अ. असम में ब. केरल में
स. गोवा में द. मिजोरम में।

22. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' का आकाशवाणी पर प्रसारण प्रायः होता है -
अ. सोमवार को
ब. रविवार को
स. शुक्रवार को
द. शनिवार को।

23. भारत में सूचना का अधिकार लागू हुआ है -
अ. 2002 में ब. 2004 में
स. 2005 में द. 2007 में।

24. 21 जून 2022 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का कौनसा अवसर था -
अ. 6वां ब. 8वां
स. 9वां द. 10वां।

25. डॉ. अंबेडकर ने किस अनुच्छेद को 'संविधान का हृदय व आत्मा' कहा है -
अ. अनुच्छेद-30
ब. अनुच्छेद-25
स. अनुच्छेद-32
द. अनुच्छेद-38।

26. 'विंग्स ऑफ फायर' नामक आत्मकथा की रचना की है -
अ. श्री एपीजे अब्दुल कलाम ने
ब. श्री अमिताभ बच्चन ने
स. श्री नरेन्द्र मोदी ने
द. श्री चंद्रशेखर आजाद।

27. मदर टेरेसा द्वारा स्थापित धर्म संघ कहलाता है -
अ. मिसनरीज ऑफ सिस्टर्स
ब. मिसनरीज ऑफ चैरिटी
स. मिसनरीज ऑफ नन्स
द. उपर्युक्त सभी।

28. स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री थे -
अ. डॉ. जाकिर हुसैन
ब. डॉ. एस. राधाकृष्णन
स. लियाकत अली
द. उपर्युक्त में से कोई नहीं।

29. आपातकाल में भी निलंबित न होने वाले मूल अधिकार संबंधी अनुच्छेद हैं -
अ. 19 एवं 20 ब. 20 एवं 21
स. 21 एवं 22 द. 22 एवं 23

30. सालारजंग संग्रहालय देखा जा सकता है -
अ. अहमदाबाद में
ब. प्रयागराज में
स. मुरादाबाद में
द. हैदराबाद में।

हल

1. ब, 2. स, 3. स, 4. अ, 5. स, 6. ब, 7. स, 8. द, 9. द, 10. ब, 11. द, 12. स, 13. ब, 14. द, 15. स, 16. द, 17. द, 18. ब, 19. स, 20. ब, 21. स, 22. ब 23. स, 24. ब, 25. स, 26. अ, 27. ब, 28. द, 29. ब, 30. द।

(डॉ. नियाज अहमद अंसारी)
(सहा. प्राध्यापक : राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन शासकीय आदर्श महाविद्यालय, उमरिया (म.प्र.)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

19.	2022_TAD_214235	"S"	सेंधवा सेंधवा सेंधवा	शा. आदिवासी बालक आश्रम चिरमिरिया शा. आदिवासी बालक आश्रम कोलकी शा. आदिवासी बालक आश्रम चिलारिया	लघुमूल कार्य लघुमूल कार्य लघुमूल कार्य	5.53 5.23 5.23	31980	2000	उपयुक्त	01 माह
				योग -		**15.99**	**31980**	**2000**	**उपयुक्त**	**01 माह**
20.	2022_TAD_214237	"T"	सेंधवा सेंधवा सेंधवा	शा. आदिवासी बालक आश्रम जामपाटी शा. आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास मालवन शा. आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास हिंगवा	लघुमूल कार्य लघुमूल कार्य लघुमूल कार्य	4.77 8.54 9.37	45360	2000	उपयुक्त	01 माह
				योग -		**22.68**	**45360**	**2000**	**उपयुक्त**	**01 माह**
21.	2022_TAD_214238	"U"	सेंधवा सेंधवा सेंधवा सेंधवा	शा. आदिवासी कन्या आश्रम चाचरिया शा. आदिवासी बालक आश्रम कामोद शा. आदिवासी कन्या आश्रम भामपूरा शा. आदिवासी बालक आश्रम चाचरिया	लघुमूल कार्य लघुमूल कार्य लघुमूल कार्य लघुमूल कार्य	10.34 6.80 8.17 5.23	61080	2000	उपयुक्त	01 माह
				योग -		**30.54**	**61080**	**2000**	**उपयुक्त**	**01 माह**
22.	2022_TAD_214239	"V"	सेंधवा सेंधवा	शा. आदिवासी बालक आश्रम झिरीजामली शा. आदिवासी कन्या आश्रम बावडड़	लघुमूल कार्य लघुमूल कार्य	5.23 6.99	24440	2000	उपयुक्त	01 माह
				योग -		**12.22**	**24440**	**2000**	**उपयुक्त**	**01 माह**
23.	2022_TAD_214240	"W"	निवाली निवाली	शा. आदिवासी बालक आश्रम भुरापानी शा. आदिवासी कन्या आश्रम चोडल्यापानी	लघुमूल कार्य लघुमूल कार्य	4.43 6.99	22840	2000	उपयुक्त	01 माह
				योग -		**11.42**	**22840**	**2000**	**उपयुक्त**	**01 माह**
24.	2022_TAD_214241	"X"	निवाली निवाली निवाली निवाली निवाली	शा. आदिवासी कन्या अंग्रेजी माध्यम आश्रम शाला निवाली शा. आदिवासी कन्या सीनियर छात्रावास निवाली शा. आदिवासी कन्या आश्रम निवाली शा. आदिवासी बालक आश्रम निवाली शा. आदिवासी कन्या आश्रम जोगवाडा	लघुमूल कार्य लघुमूल कार्य लघुमूल कार्य लघुमूल कार्य लघुमूल कार्य	7.09 8.21 5.23 5.23 7.03	65580	2000	उपयुक्त	01 माह
				योग -		**32.79**	**65580**	**2000**	**उपयुक्त**	**01 माह**
25.	2022_TAD_214242	"Y"	पानसेमल पानसेमल पानसेमल	शा. आदिवासी सीनियर बालक पुराना छात्रावास खेतिया शा. आदिवासी सीनियर बालक नवीन छात्रावास खेतिया शा. आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास खेतिया	लघुमूल कार्य लघुमूल कार्य लघुमूल कार्य	6.93 6.91 8.91	45500	2000	उपयुक्त	01 माह
				योग -		**22.75**	**45500**	**2000**	**उपयुक्त**	**01 माह**
26.	2022_TAD_199359	"Z"	पानसेमल पानसेमल पानसेमल पानसेमल पानसेमल	शा. आदिवासी कन्या आश्रम दोदवाड़ा शा. आदिवासी बालक आश्रम वागंरा शा. आदिवासी कन्या आश्रम जलगोन शा. आदिवासी बालक आश्रम पिपरानी शा. आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास बंधारावुजूर्ग	लघुमूल कार्य लघुमूल कार्य लघुमूल कार्य लघुमूल कार्य लघुमूल कार्य	9.15 7.04 5.36 4.76 9.66	71940	2000	उपयुक्त	01 माह
				योग -		**35.97**	**71940**	**2000**	**उपयुक्त**	**01 माह**
27.	2022_TAD_199361	"AA"	ठीकरी	शा. उ.मा.वि. बादरकछ (तृतीय आमंत्रण)	06 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य	56.43	112860	5000	उपयुक्त	01 माह
				योग -		**56.43**	**112860**	**5000**	**उपयुक्त**	**01 माह**
28.	2022_TAD_199360	"AB"	बड़वानी बड़वानी बड़वानी	शा. उ.मा.वि. सिलावद (द्वितीय आमंत्रण) शा. उ.मा.वि. लोनसरा (द्वितीय आमंत्रण) शा. उ.मा.वि. बालकुंआ (द्वितीय आमंत्रण)	लघुमूल एवं बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य लघुमूल कार्य लघुमूल कार्य	22.00 8.00 8.00	76000	2000	उपयुक्त	01 माह
				योग -		**38.00**	**76000**	**2000**	**उपयुक्त**	**01 माह**

ऑनलाइन निविदा क्रय करने की **अंतिम तिथि दिनांक 22.08.2022 को सायं 5.00 बजे तक** नियत की गई है।

जी-15456/47408/2022

सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग जिला-बड़वानी

कॅरियर की राहें

बढ़ती आपदाओं ने आपदा प्रबंधन में बढ़ाए कॅरियर के अवसर

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

जैसे-जैसे दुनिया में आपदाएं बढ़ती जा रही हैं, वैसे-वैसे आपदा प्रबंधन (डिजास्टर मैनेजमेंट) में कॅरियर के मौके बढ़ते जा रहे हैं। आपदाओं की बात की जाए तो आपदाएं तीन प्रकार की होती हैं। पहली, प्राकृतिक आपदाएं जैसे भूकंप, समुद्री तूफान, सुनामी, बाढ़ आदि। दूसरी, मानव सृजित आपदाएं जैसे भोपाल गैस त्रासदी तथा रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण यूक्रेन में घटित तबाही और तीसरी, हाइब्रिड आपदाएं जैसे कोरोना महामारी, पर्यावरण विनाश से उपजी आपदाएं आदि। इन आपदाओं के कारण जीवन तथा संपत्ति को भारी नुकसान होता है।

प्राकृतिक आपदाओं के बीच आपदा प्रबंध की अहमियत

हमारे देश का लगभग 60 प्रतिशत भाग भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील है। करीब 8 प्रतिशत क्षेत्र तूफान के मामले में और 12 प्रतिशत हिस्सा बाढ़ के मामले में संवेदनशील है। 7516.6 किलोमीटर लंबी तटीय रेखा तूफानों के लिए संवेदनशील है। लोकसभा में जुलाई, 2022 को पेश जल संसाधन संबंधी स्थायी समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में बाढ़ के प्रभाव वाले इलाकों का कुल क्षेत्रफल चार करोड़ हेक्टेयर है। वर्ष 1953 से 2018 तक बाढ़ के कारण 4,00,097 करोड़ रुपये की फसलों, घरों और सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान हुआ है।

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले 20 साल में दुनियाभर में प्राकृतिक आपदाओं में खासी वृद्धि हुई है, जिससे मानव और आर्थिक क्षति में काफी ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2020 और 2021 में कोरोना ने देश और दुनिया के कोने-कोने में अकल्पनीय आपदाओं को जन्म दिया। भारत अभी कोरोना की दूसरी लहर के कहर से उभर भी नहीं पाया था कि अरब सागर से उठे चक्रवात टाउटे ने केरल, गोवा, कर्नाटक, महाराष्ट्र और गुजरात के तटवर्ती जिलों में तबाही मचा दी। वर्ष 2021 में भारत में उत्तराखंड के चमोली में ग्लेशियर फटना भी सबसे बड़ी प्राकृतिक आपदा रही। जून-जुलाई, 2022 में यूरोप और अमेरिका के जंगलों में लगी बेकाबू आग भी दुनिया की भीषण आपदा मानी गई है। ऐसी बढ़ती हुई आपदाएं आपदा प्रबंध में कॅरियर के मौके बढ़ा रही हैं।

आपदा प्रबंधन में कॅरियर के विविध आयाम

आपदा प्रबंधन एक बहु विषयक क्षेत्र है, जिसमें व्यापक मुद्दे, जैसे कि निगरानी, मूल्यांकन, खोजबीन और बचाव, राहत, पुनर्निर्माण और पुनर्वास आदि शामिल होते हैं। इसमें बहु क्षेत्रीय शासन व्यवस्था, वैज्ञानिक, नियोजक, स्वयंसेवी और समुदायों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इन भूमिकाओं और गतिविधियों में आपदा पूर्व, आपदा के दौरान तथा आपदा उपरांत के चरण शामिल होते हैं। आपदा प्रबंधन और कुछ नहीं, बल्कि यह तो आपदाओं के नियंत्रण का कौशलपूर्ण मार्ग, तरीका तथा पद्धति है। जब जनता को आपदाओं के बारे में शिक्षा प्रदान की जाती है तथा उनमें जागरूकता पैदा की जाती है तो आपदा प्रबंधन एक आसान कार्य हो जाता है। इस तरह आपदा प्रबंधन में कॅरियर के विभिन्न आयाम हैं।

आपदा प्रबंधन में कॅरियर की स्किल्स

वे युवा जो संकट एवं आपदाओं के समय लोगों की मदद करने की इच्छा रखते हैं, वे आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अपना बेहतर कॅरियर बना सकते हैं। डिजास्टर मैनेजमेंट में प्रशिक्षित प्रोफेशनल्स स्वयंसेवी संस्थाओं और राज्यों के स्थानीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के साथ मिलकर

आपदाओं से निपटने में अपना सहयोग देते हैं। तूफान, बाढ़ आदि में राहत पहुंचाने के अलावा कोविड जैसे हालात में लोगों को सही जानकारी देने, उन्हें जागरूक करने या बीमारियों के बारे में उन्हें समझाने के लिए रुचि तथा ऐसी मुश्किलों के बीच साहस के साथ उनकी मदद की भावना होना जरूरी है। डिजास्टर मैनेजमेंट की पढ़ाई के साथ-साथ जो लोग समाजसेवा से जुड़े हैं या फिर साइकोलॉजी पृष्ठभूमि से हैं, उनके लिए निकट भविष्य में यह एक अच्छा फील्ड हो सकता है। जज्बे, जुनून और समर्पण की भावना रखने वाले युवाओं के लिए आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अच्छे कॅरियर की संभावनाएं होती हैं।

आपदा प्रबंधन में रोज़गार के अवसर कहां-कहां हैं?

आपदा प्रबंधन का समुचित कोर्स कर चुके युवाओं के लिए सरकारी और गैर-सरकारी दोनों ही क्षेत्रों में जॉब्स की बेहतर संभावनाएं हैं। आपदा प्रबंधन का कोर्स करने के उपरांत, आपातकालीन सेवाओं, कानून लागू करने वाले विभागों आदि में रोज़गार मिलता है। आपदा प्रबंधन विशेषज्ञों को राहत एजेंसियों, गैर सरकारी संगठनों और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों जैसे कि संयुक्त राष्ट्र आदि में भी नियुक्त किया जाता है। रसायन, खनन और पेट्रोलियम जैसे ज्यादा जोखिम वाले बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठानों में विशेष आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ होते हैं।

आपदा प्रबंधन कोर्स में प्रवेश और संबंधित संस्थान

आपदा प्रबंधन का कोर्स किसी भी विषय समूह से स्नातक के उपरांत किया जा सकता है। कुछ संस्थानों में बारहवीं के बाद भी प्रवेश दिया जाता है। अधिकांश आपदा प्रबंधन के कोर्स में प्रवेश एंट्रेंस एग्जाम के माध्यम से दिया जाता है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि जब भी देश में कोई प्राकृतिक आपदा आती है, तो नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एनडीआरएफ) और स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एसडीआरएफ) के जवानों के साथ आपदा प्रबंधन की डिग्री रखने वाले पेशेवर लोग भी जानमाल को बचाने में सबसे आगे होते हैं। अर्द्ध सैनिक बलों से आए जवान किसी भी तरह की आपदा से निपटने में पूरी तरह प्रशिक्षित होते हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ में आम नागरिकों की सीधी भर्ती नहीं होती है। इस फोर्स में जवान देश के अर्द्धसैनिक बलों से प्रतिनियुक्ति (डेप्युटेशन) के आधार पर सात साल के लिए आते हैं।

उल्लेखनीय है कि टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई, भारतीय पारिस्थितिकी एवं पर्यावरणीय संस्थान, नई दिल्ली, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली सहित देश के कोने-कोने में स्थित शिक्षण संस्थानों में से किसी उपयुक्त संस्थान का चयन करके आपदा प्रबंधन का उपयुक्त कोर्स करके आपदा प्रबंधन में कॅरियर की राह पर आगे बढ़ा जा सकता है।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न सामान्य ज्ञान - खेल

1. **भारत ने टोक्यो ओलिंपिक-2020 में कितने पदक जीते हैं?**
   (अ) पांच (ब) छह
   (स) सात (द) दस
2. **इस वर्ष एथेलेटिक्स वर्ल्ड चैम्पियनशिप में शॉट पुट स्पर्धा के विजेता बने हैं?**
   (अ) जोए कोवाक्स
   (ब) रेयान क्रुजर
   (स) टॉम वॉल्श
   (द) इनमें से कोई नहीं
3. **इनमें से किसे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?**
   (अ) फुमियो ओगुरा
   (ब) मेरिज्के प्लुरेन
   (स) सैफ अहमद
   (द) थियरे वेल
4. **टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज हैं?**
   (अ) राहुल द्रविड़
   (ब) वीरेन्द्र सहवाग
   (स) करूण नायर
   (द) वीवीएस लक्ष्मण
5. **नेशनल फुटबॉल म्यूजियम किस देश में स्थित है?**
   (अ) इंग्लैंड (ब) जर्मनी
   (स) ब्राजील (द) मैक्सिको
6. **इस वर्ष वर्ल्ड एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप अमेरिका के किस शहर में आयोजित की गई?**
   (अ) सिएटल (ब) शिकागो
   (स) लॉस एंजिल्स (द) यूजीन
7. **बैडमिंटन खिलाड़ी ली जी जिया किस देश के लिए खेलते हैं?**
   (अ) मलेशिया (ब) चीन
   (स) ताइवान (द) वियतनाम
8. **वर्ष 2020 में पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग में विजेता बने हैं?**
   (अ) नोवाक जोकोविच
   (ब) डेनिल मेदवेदेव
   (स) मिलोस राउनिक
   (द) एंडी मरे
9. **ओलिंपिक खेलों में भारत के लिए पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं?**
   (अ) पीटी ऊषा
   (ब) अंजू बॉबी जॉर्ज
   (स) कर्णम मल्लेश्वरी
   (द) अंजलि भागवत
10. **मिताली राज ने भारत के लिए कितने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं?**
    (अ) 65 (ब) 78
    (स) 82 (द) 89
11. **ऑस्ट्रेलिया ने वर्ष 2021 में किस देश को हराकर आईसीसी टी-20 वर्ल्डकप जीता था?**
    (अ) इंग्लैंड (ब) न्यूजीलैंड
    (स) पाकिस्तान (द) वेस्टइंडीज
12. **इनमें से किस खेल को कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में शामिल नहीं किया गया है?**
    (अ) मुक्केबाजी (ब) कुश्ती
    (स) निशानेबाजी (द) जिम्नास्टिक
13. **इनमें से किस क्रिकेटर को वर्ष 2021 में अर्जुन अवॉर्ड मिला है?**
    (अ) केएल राहुल
    (ब) शिखर धवन
    (स) इशान किशन
    (द) भुवनेश्वर कुमार
14. **इस वर्ष एफआईएच हॉकी फाइव्स का खिताब किस देश ने जीता है?**
    (अ) भारत (ब) पाकिस्तान
    (स) मलेशिया (द) बेल्जियम
15. **वर्ष 2011 में एएफसी एशियन कप टूर्नामेंट किस देश में खेला गया था?**
    (अ) जापान (ब) कतर
    (स) चीन (द) सउदी अरब
16. **विजेंदर सिंह किस खेल में भारत के दिग्गज खिलाड़ी हैं?**
    (अ) कुश्ती (ब) एथेलेटिक्स
    (स) भारोत्तोलन (द) मुक्केबाजी
17. **वर्ष 2022 में किस कार रेसर ने मोनाको ग्रांप्री जीती है?**
    (अ) मैक्स वर्स्टापेन
    (ब) लुईस हैमिल्टन
    (स) सर्जियो पेरेज
    (द) कार्लोस सेंज
18. **स्लोएन स्टीफंस टेनिस में किस देश का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
    (अ) अमेरिका (ब) कनाडा
    (स) बुल्गारिया (द) सर्बिया
19. **वर्ष 2021 में किस खिलाड़ी को आईसीसी इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था?**
    (अ) सूर्यकुमार यादव
    (ब) जेनमेन मलान
    (स) केशव महाराज
    (द) मार्नस लाबुशेन
20. **इस वर्ष मलेशिया ओपन में पुरुष एकल वर्ग के विजेता बने हैं?**
    (अ) विक्टर एक्सेलसन
    (ब) किदांबी श्रीकांत
    (स) जोनाथन क्रिस्टी
    (द) इनमें से कोई नहीं
21. **चीन के शटलर लिन डेन ने कितनी बार ओलिंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीता है?**
    (अ) एक बार (ब) दो बार
    (स) तीन बार (द) पांच बार
22. **पैरा खिलाड़ी अवनि लखेरा किस खेल से संबंधित है?**
    (अ) पैरा एथेलेटिक्स
    (ब) पैरा तीरंदाजी
    (स) पैरा निशानेबाजी
    (द) इनमें से कोई नहीं
23. **इनमें से किस क्लब ने इस वर्ष इंग्लिश प्रीमियर लीग का खिताब जीता है?**
    (अ) मैनचेस्टर सिटी
    (ब) लिवरपूल
    (स) टॉटनहम (द) आर्सेनल
24. **गुजरात टाइटंस ने इस वर्ष किस टीम को हराकर आईपीएल जीता है?**
    (अ) मुंबई इंडियंस
    (ब) दिल्ली कैपिटल्स
    (स) सनराइजर्स हैदराबाद
    (द) राजस्थान रॉयल्स

उत्तर

1. (स), 2. (ब), 3. (स), 4. (ब), 5. (अ), 6. (द), 7. (अ), 8. (ब), 9. (स), 10. (द), 11. (ब), 12. (स), 13. (द), 14. (अ), 15. (द), 16. (द), 17. (स), 18. (अ), 19. (द), 20. (अ), 21. (द), 22. (स), 23. (अ), 24. (द)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

भारत ने डिजिटल लेनदेन में रचा कीर्तिमान

यूपीआई से आसान हुआ भुगतान

भारत डिजिटल भुगतान के मामले में विश्व का शीर्ष वन चुका है। डिजिटल इंडिया की वजह से डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में भारत लगातार अपनी बढ़त बना रहा है। हाल ही में आयोजित फाइवर सिक्योरिटी से जुड़े एक राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसका जिक्र करते हुए कहा था कि डिजिटल इंडिया ने न सिर्फ लोगों का सशक्तिकरण किया है, बल्कि उनके जीवन में एक रचनात्मक बदलाव लाने में भी अहम योगदान दिया है। डिजिटल पेमेंट से पहले के समय को याद करेंगे तो आप पाएंगे कि तब किसी भी पेमेंट के लिए बैंक के चक्कर लगाने पड़ते थे और उस दौरान अगर छुट्टी पड़ गई तो बैंक बंद होने से लेनदेन लगभग नहीं ही होता था, इसके साथ ही अन्य काम भी प्रभावित होता था। डिजिटल पेमेंट के चलन ने उस वक्त को बदल दिया है। लोगों ने अपने जीवन में अब डिजिटल पेमेंट को ढाल लिया है। इसी का परिणाम है कि भारत की डिजिटल भुगतान की क्षमता बीते कुछ वर्षों में ही काफी अधिक हो गई है। इससे भारत में एक नया बदलाव आया है और एक 'न्यू इंडिया' उभरकर सामने आया है। लोगों ने पारंपरिक कैश पेमेंट सिस्टम को छोड़कर डिजिटल पेमेंट को अपनाया और अब बेहद आसानी और सरलता से कहीं से भी-कभी भी लेनदेन कर रहे हैं। यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस-UPI) सिस्टम के जरिए पिछले वित्त वर्ष के दौरान डिजिटल ट्रांजेक्शन का आंकड़ा 10 खरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया। आज भारत विश्व में डिजिटल भुगतान के मामले में पहले स्थान पर है। विगत जुलाई माह में 6 बिलियन बार यूपीआई लेनदेन हुआ है, यह 2016 के बाद से अब तक का सबसे अधिक है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर यूपीआई लेनदेन की सराहना की है।

डिजिटल पेमेंट के प्रमुख तरीके कौन-कौन से हैं?

लोगों के पास डिजिटल पेमेंट करने के कई विकल्प आ गए। यूपीआई, बैंक कार्ड और नॉन स्मार्टफोन का सिस्टम आता है, अब एनालॉग फोन के जरिए भी पेमेंट कर सकते हैं। इन सबके अलावा आधार इनेबल पेमेंट, मोबाइल वॉलेट, बैंक प्रीपेड कार्ड, डेबिट और क्रेडिट कार्ड स्वाइप करने वाले टूल, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग समेत माइक्रो एटीएम तक शुरू हो गए हैं। ऐसे में लोगों को सबसे बड़ा फायदा यह हुआ कि शनिवार और रविवार के दिन बैंकों की छुट्टी होने पर भी अब लोगों की पेमेंट नहीं रुकती। यानि 365 दिन और 24 घंटों के लिए देश में एक ऐसी प्रणाली खुल गई जो किसी भी समय लोगों की सेवा में हाजिर है। अब पेमेंट जल्दी आने लगी है। ऐसे में कहना गलत नहीं होगा कि डिजिटल पेमेंट ने भारतीय फाइनेंशियल सेक्टर को पूरा का पूरा ट्रांसफॉर्मेशन किया है।

कोविड के दौरान डिजिटल भुगतान

कोविड-19 महामारी के दौरान डिजिटल भुगतान विशेष रूप से सहायक साबित हुए थे। मार्च 2020 में जब कोरोना वायरस ने दस्तक दी तो पूरी दुनिया ठप पड़ गई थी। लोगों का बाहर निकलना, मिलना-जुलना, किसी चीज को छूना सब कुछ प्रतिबंधित था, ऐसे समय में डिजिटल लेनदेन को काफी बढ़ावा मिला। देश के बड़े शहरों के अलावा ग्रामीण भारत में भी विद्युतीकरण और इंटरनेट की पहुंच में आने से लोग अब यूपीआई का भरपूर उपयोग कर रहे हैं। चौक-चौराहे से लेकर गली हो या सड़क हर जगह पर छोटे व्यापारियों और रेहड़ी-पटरी पर अपनी आजीविका चलाने वाले लाखों लोग डिजिटल माध्यम से भुगतान स्वीकार कर रहे हैं, जिससे लोगों का जीवन बहुत आसान हो गया है। कोरोना महामारी के दौरान मार्च, 2020 में यूपीआई लेनदेन की संख्या 124 करोड़ थी, जिसकी कुल अमाउंट 2.06 लाख करोड़ रुपये थी।

डिजिटल लेन-देन में विश्व में प्रथम स्थान पर भारत

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) के आंकड़ों के मुताबिक, मूल्य के हिसाब से पिछले 6 साल में यूपीआई लेनदेन में 25.2 लाख गुना की तेजी आई है। वित्त वर्ष 2022 में यूपीआई पर लेनदेन एक ट्रिलियन डॉलर को पार कर गया है और आज हम डिजिटल लेन-देन में विश्व में प्रथम स्थान पर हैं। वित्तीय वर्ष 2022 में यूपीआई से 46 अरब ट्रांजेक्शन प्रोसेस हुए जिसकी राशि 84.17 ट्रिलियन या 84.17 लाख करोड़ रुपये की रही। इसी के साथ यूपीआई ने 1 लाख करोड़ की निशानी को पार कर लिया। उसके बाद यूपीआई ट्रांजेक्शन में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। वर्ष 2021 में कुल वैश्विक डिजिटल भुगतान का 40 प्रतिशत भारत में हुआ और भीम-यूपीआई अब केवल भारतीय एप नहीं रह गया है, बल्कि ग्लोबल बन चुका है और अनेक देश जैसे फ्रांस, सिंगापुर, यूएई, भूटान और नेपाल इसका उपयोग कर रहे हैं।

कब और कैसे हुई UPI की शुरुआत?

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए 2016 में यूनाइटेड पेमेंट इंटरफेस (UPI) की शुरुआत की थी। इसका मुख्य लक्ष्य देशवासियों को एक ऐसा मंच प्रदान करना था, जहां से आम जनता आसानी से डिजिटल माध्यम से भुगतान कर सके।

कब कितना बढ़ा UPI?

साल दर साल यानि कि पिछले साल से इस साल की तुलना करें तो यूपीआई ट्रांजेक्शन में 111 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। ट्रांजेक्शन की वैल्यू में लगभग 100 परसेंट की बढ़ोतरी हुई है। अप्रैल 2016 में यूपीआई तेजी से डिजिटल भुगतान का पर्याय बन गया जिसमें प्रतिमाह 200 करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन वाली गुणात्मक वृद्धि देखी गई। 31 दिसंबर, 2016 को डिजिटल मेला के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भीम-यूपीआई एप को अपनी आदत बनाने का अनुरोध किया था, ताकि देश को एक कैशलेस अर्थव्यवस्था में तब्दील किया जा सके। उल्लेखनीय है कि वित्त वर्ष 2016-17 में कुल डिजिटल लेनदेन जो 1004 करोड़ थे, ने यूपीआई के लॉन्च के बाद तेजी से वृद्धि की है। वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान 106 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे यह आंकड़ा 2071 करोड़ तक पहुंच गया। अगस्त 2021 तक देश में यूपीआई के उपयोगकर्ता की संख्या 22 करोड़ से अधिक हो गई, जिन्होंने अगस्त 2021 में 3.5 बिलियन का लेनदेन किया। आज यूपीआई को 200 से भी अधिक बैंकों ने अपनाया है। वहीं इस मुक्त सिस्टम में उबर, अमेजन, ट्रू कॉलर, वॉलमार्ट, व्हाट्सएप, गूगल आदि को सक्षम बनाया है।

कैसे इस्तेमाल करें यूपीआई?

हर बैंक का अलग यूपीआई एप होता है। अपने स्मार्टफोन के प्ले-स्टोर या एप स्टोर में जाकर अपने बैंक का यूपीआई एप खोजकर उसे डाउनलोड कर लें। उसे इंस्टॉल करने के बाद उसमें साइन-इन करना होगा। फिर वहां आपको अपने बैंक की डिटेल भरकर अपना यूपीआई खाता बनाना होगा।

कैसे काम करता है यूपीआई?

यूपीआई सिस्टम तत्काल भुगतान सेवा यानी Immediate Payment Service (IMPS) पर काम करता है। यह सर्विस नेट बैंकिंग के लिए काम करती है। स्मार्टफोन में आप अपना यूपीआई PIN नंबर जनरेट करते हैं तो यह आपका एक तरह से अकाउंट नंबर बन जाता है। इसी के माध्यम से बिलों का भुगतान और पैसों का ट्रांजेक्शन होता है।

लेन-देन से पहले वेरीफाई जरूर करें

डिजिटल माध्यम में जितनी सुविधाएं हैं कई बार इसमें उतनी ही चुनौतियां भी होती हैं। डिजिटल पेमेंट में बस एक क्लिक से हम किसी को पैसे भेज सकते हैं या उनसे रिसीव कर सकते हैं। ऐसे में जब भी यूपीआई पेमेंट के माध्यम से आप किसी को पैसे भेजें तो उसकी यूपीआई आईडी जरूर वेरीफाई कर लें या दूसरा तरीका यह भी हो सकता है कि आप बेहद कम धनराशि उनके अकाउंट में ट्रांसफर करें जिससे आपके साथ धोखा नहीं होगा।

फ्रॉड से सावधान रहें

जैसे-जैसे इंटरनेट की पहुंच गांव-देहात के इलाकों में हो रही है, वहां भी लाखों लोग डिजिटल माध्यम से लेन-देन करने लगे हैं, लेकिन उन्हें सतर्क रहने की आवश्यकता है। जैसे कि वे कभी भी अपना वन टाइम पासवर्ड यानि ओटीपी किसी को न बताएं। वहीं अगर कोई ठेला या कोई अन्य दुकान लगा रहा है तो उसे अपने QR कोड को ऐसी जगह पर रखना चाहिए जहां उसे कोई बदल ना सके या उसके साथ कोई छेड़छाड़ न कर सके।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

मध्यप्रदेश के जिलों को जानिए

लाल मिट्टी, संतरे और धनिया के लिए प्रसिद्ध है आगर-मालवा जिला

आगर-मालवा, मध्यप्रदेश के उज्जैन संभाग का एक जिला है। जिले की सीमा पूर्व में राजगढ़, शाजापुर, पश्चिम में रतलाम, दक्षिण में उज्जैन तथा उत्तर में राजस्थान के साथ लगती है। यह मौसम की अनुकूलता और पानी की उपलब्धता के कारण अंग्रेजों के शासनकाल में एक छावनी क्षेत्र था। पूर्व में मध्यभारत राज्य के समय इसे वर्ष 1956 तक जिले का दर्जा प्राप्त था। 16 अगस्त 2013 से आगर-मालवा मध्यप्रदेश का 51वां जिला बना है। शाजापुर जिले से आगर, बड़ोद, सुसनेर और नलखेड़ा तहसीलों को हटाकर इसका गठन किया गया था। आगर मालवा जिला अपनी लाल मिट्टी, रसीले संतरे और उच्च गुणवत्ता वाली धनिया के लिए देशभर में प्रसिद्ध है।

इतिहास

आगर की स्थापना राजा आगरिया भील ने 10वीं सदी के आसपास की थी। आगर-मालवा जिले का क्रमबद्ध इतिहास 4000 वर्ष पूर्व के पुरातत्वीय अवशेष मिलने के साथ आरम्भ होता है। सुसनेर, सोयतकलां, बड़ागांव आदि ताम्रयुगीन महत्वपूर्ण केंद्र थे, इन स्थानों से कायथा संस्कृति के अवशेष मिले हैं। मुगलकाल में जब मांडू मुगलों की राजधानी हुआ करती थी, तब यह ग्रीष्म प्रवास की दृष्टि से सर्वाधिक पसंद किया जाने वाला क्षेत्र था, मुगल यहां गर्मी का समय व्यतीत करने आते थे। यहां गर्मी के समय रात्रि का तापमान अन्य क्षेत्रों की तुलना में कम हुआ करता था। 'शब-ए-मालवा' की प्रसिद्धि इस क्षेत्र की जलवायु के कारण ही है। सिंधिया राज्य के समय इसे अनुविभाग का दर्जा प्राप्त था। उस समय के किले और अन्य ऐतिहासिक इमारतें आज भी अस्तित्व में हैं, जिनमें न्यायालय और अन्य प्रशासनिक भवन संचालित हो रहे हैं।

अर्थव्यवस्था

आगर-मालवा जिला लाल मृदा के लिए प्रसिद्ध है। लाल मिट्टी गोंडवाना शैल समूह से निर्मित है, इसका लाल रंग लोहे के ऑक्सीकरण के कारण होता है। यह अत्यधिक रंध्रयुक्त होती है। जिले की अर्थव्यवस्था कृषि और उद्यानिकी फसलों पर निर्भर है। संतरे की पैदावार के लिहाज से विशेष जलवायु और उर्वरा भूमि से भरपूर आगर-मालवा अब देशभर में संतरे के उत्पादन के लिए भी जाना जा रहा है। जिले के संतरे विदेश में भी सप्लाई हो रहे हैं।

राज्य सरकार के उद्यानिकी विभाग ने इस जिले की मुख्य फसल के तौर पर संतरे को चुना है। धनिया की फसल भी जिले में बड़े स्तर पर होती है। आगर-मालवा जिले में पानी में पैदा होने वाले अजोला पौधे की खेती करने की कोशिश की जा रही है। रेत और कृषि आधारित उद्योग यहां की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाते हैं।

आगर-मालवा जिला प्रमुख तथ्य

1. जिले का गठन- 16 अगस्त, 2013
2. संभाग- उज्जैन
3. जिला मुख्यालय- आगर
4. क्षेत्रफल- 2785 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या- 5.71 लाख
6. तहसील- 4 (आगर, बड़ोद, सुसनेर, नलखेड़ा)
7. ग्राम पंचायत- 227
8. ग्राम- 512
9. नगरीय परिषद्- 6
10. नगर पालिका- 1 (आगर)
11. विधान सभा क्षेत्र- 2 (सुसनेर, आगर)
12. भाषा एवं बोली- हिन्दी, मालवी

(सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

1. आगर-मालवा जिले के सालरिया ग्राम में स्थित गौ अभ्यारण्य अनुसंधान एवं उत्पादन केंद्र देश का प्रथम गौ-अभ्यारण्य है। यह लगभग 472 हेक्टेयर क्षेत्र में बना है। इस अभ्यारण्य में गायों की नस्लों से लेकर उनके दूध, गोबर, मूत्र तक पर अनुसंधान होता है।
2. सुसनेर रोड पर स्थित बैजनाथ महादेव मंदिर जिले के प्रमुख पर्यटन और धार्मिक स्थलों में से एक है। सन् 1528 से 1536 में निर्मित इस मंदिर का जीर्णोद्धार कर्नल मार्टिन नामक अंग्रेज ने 1883 ई. में करवाया था।
3. देश के तीन प्रमुख मां बगुलामुखी मंदिरों में से एक आगर जिले की नलखेड़ा तहसील में लखुंदर नदी के किनारे स्थित है। तीन मुखों वाली त्रिशक्ति माता बगलामुखी के इस महाभारत कालीन मंदिर को लेकर मान्यता है कि इसकी स्थापना महाभारत में विजय पाने के लिए भगवान कृष्ण के निर्देश पर महाराजा युधिष्ठिर ने की थी।
4. आगर शहर के मोतीसागर तालाब का निर्माण सन् 1052 ई. में बंजारा कवीले के सरदार अभयराम बंजारा द्वारा कराया गया था। ऐसा कहा जाता है कि इसकी खुदाई के दौरान उन्होंने अपने पुत्र और पुत्रवधु की बलि दी थी। बाद में उन्हीं की याद में तालाब के बीचों-बीच एक छतरीनुमा समाधि बनाई गई। 428 बीघा में फैला यह तालाब आज भी अपनी सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है।
5. आगर जिले के तनोडिया-गुन्दीकलां मार्ग पर ग्राम सुनारिया में छोटी कालीसिंध नदी के मध्य में सोमेश्वर महादेव मंदिर स्थित है। इसको लेकर मान्यता है कि अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने भगवान सोमेश्वर की स्थापना की थी।
6. आगर से लगभग 3 किलोमीटर दूर प्राकृतिक गुफा में तुलजा भवानी का मंदिर है। यह पहाड़ी बौद्धकालीन भिक्षुओं के रहने का स्थान (मठ) मानी जाती है। पुरातत्वविद् इस गुफा को करीब दो हजार साल प्राचीन मानते हैं।
7. आगर-मालवा का कालभैरव मंदिर, पचेटी माता मंदिर, श्री केवड़ा स्वामी मंदिर, मंशापूर्ण गणेश मंदिर और कमल कुंदी मंदिर, नलखेड़ा का श्रीनाथ धाम मंदिर, त्रिवेणी संगम आदि जिले में स्थित अन्य प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं। जिले से कालीसिंध और लखुंदर नदी बहती हैं।

- रीता मोदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

मध्यप्रदेश राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य अध्ययन

1. भारत में निर्धन लोगों की संख्या का अनुमान लगाने वाली कौन-सी आधिकारिक समितियां हैं -
(अ) वाई.के. अलघ समिति
(ब) सुरेश तेंदुलकर समिति
(स) सी. रंगराजन समिति
(द) उपरोक्त सभी।
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी
व्याख्या - अभी तक छह आधिकारिक समितियों ने निर्धन लोगों की संख्या का अनुमान लगाया है - 1962 योजना आयोग का कार्यदल, 1971 वी.एम. दांडेकर व रथ समिति, 1979 वाई.के. अलघ समिति, 1993 डी.टी. लकड़ावाला समिति, 2009 सुरेश तेंदुलकर समिति, 2014 सी. रंगराजन समिति।

2. भारतीय बाजार में पार्टिसिपेटरी नोट्स निवेश निम्नलिखित में से किस उपकरण में किया जा सकता है -
(अ) इक्विटी
(ब) ऋण
(स) हाइब्रिड प्रतिभूति व डेरीवेटिव
(द) उपरोक्त सभी।
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी
व्याख्या - पार्टिसिपेटरी नोट्स पंजीकृत विदेशी निवेशकों को जारी किये जाते हैं, जो सीधे पंजीकरण के बिना भारतीय शेयर बाजार में निवेश करना चाहते हैं।

3. विश्व बैंक द्वारा समर्थित 'संकल्प' कार्यक्रम किस मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किया गया है-
(अ) कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय
(ब) मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(स) वित्त मंत्रालय
(द) कृषि मंत्रालय
उत्तर - (अ) कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय
व्याख्या - SANKALP - Skills Acquistion and Knowledge Awareness for Livelihood Promotion की शुरुआत कौशल योजना और कार्यान्वयन के विकेन्द्रीकरण को बढ़ावा देने के लिये की गई थी।

4. प्रधानमंत्री-कुसुम योजना का संचालन नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा कृषि क्षेत्र में अधिक सौर ऊर्जा उत्पादन को सक्षम करने के लिये किया जा रहा है। इस योजना में निम्न में से क्या सम्मिलित नहीं है -
(अ) विकेन्द्रीकृत ग्राउंड माउटेड ग्रिड से जुड़े ऊर्जा संयंत्र की स्थापना।
(ब) स्टैंड अलोन सौर ऊर्जा संचालित कृषि पंपों की स्थापना।
(स) ग्रिड से जुड़े सौर ऊर्जा संचालित कृषि पंपों का सोलराइजेशन।
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं।
उत्तर - (द) उपरोक्त में से कोई नहीं।
व्याख्या - उपरोक्त सभी इस योजना में सम्मिलित हैं।

5. हाल ही में चर्चित नेगेटिव यील्ड बॉण्ड क्या है?
(अ) वह ऋण साधन जो निवेशक को बॉण्ड की खरीद मूल्य से कम परिपक्वता राशि का भुगतान करने का प्रस्ताव देता है।
(ब) यह केन्द्रीय बैंकों या सरकारों द्वारा जारी किये जाते हैं।
(स) यह बॉण्ड तनाव और अनिश्चितता के समय निवेश आकर्षित करते हैं, क्योंकि निवेशक अपनी पूँजी को महत्वपूर्ण हानि से बचाना चाहते हैं।
(द) उपरोक्त सभी।
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी
व्याख्या - हाल ही में चीन द्वारा निगेटिव यील्ड बॉण्ड की बिक्री की गई थी।

6. वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक कौन जारी करता है -
(अ) विश्व बैंक
(ब) विश्व आर्थिक मंच
(स) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(द) उपरोक्त में से कोई भी।
उत्तर - (ब) विश्व आर्थिक मंच

7. वृद्धिशील पूंजी-उत्पादन अनुपात किसके बीच संबंध बताता है -
(अ) निवेश के स्तर और सकल घरेलू उत्पाद।
(ब) निवेश के स्तर एवं बचत के स्तर
(स) निवेश के स्तर व उत्पादन प्रक्रिया
(द) उपरोक्त सभी।
उत्तर - (अ) निवेश के स्तर और सकल घरेलू उत्पाद।
व्याख्या - वृद्धिशील पूंजी उत्पादन अनुपात जितना अधिक होगा, पूंजी की उत्पादकता उतनी ही कम होगी।

8. नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया निम्न में से कौन सी सेवायें प्रदान करता है -
(अ) चेक ट्रांजेक्शन सिस्टम
(ब) नेशनल ऑटोमेटेड क्लियरिंग हाउस
(स) राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह
(द) उपरोक्त सभी।
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी

9. बाउंड रेट या बाउंड टैरिफ क्या है?
(अ) सीमा शुल्क की अधिकतम दर जो आयातित देश द्वारा आयातित वस्तु पर लगायी जा सकती है।
(ब) सीमा शुल्क की अधिकतम दर जो निर्यातित देश द्वारा निर्यातित वस्तु पर लगायी जा सकती है।
(स) उपरोक्त में से कोई नहीं।
(द) उपरोक्त सभी।
उत्तर - (अ) सीमा शुल्क की अधिकतम दर जो आयातित देश द्वारा आयातित वस्तु पर लगायी जा सकती है।
व्याख्या - प्रत्येक देश एक निश्चित संख्या में उत्पादों पर सीमा शुल्क लगा सकता है।

10. 'जोबी फर्म' क्या होती है?
(अ) अधिक रोज़गार प्रदान करने वाली फर्म।
(ब) कम लागत वाली फर्म।
(स) फर्म जो वर्तमान आय के आधार पर अपनी ऋण सेवा लागत को कवर करने में सक्षम नहीं है।
(द) अधिक लाभ कमाने वाली फर्म।
उत्तर - (स) फर्म जो वर्तमान आय के आधार पर अपनी ऋण सेवा लागत को कवर करने में सक्षम नहीं है।
व्याख्या - ऐसी फर्म को व्यापार से बाहर हो जाना चाहिये परन्तु फिर भी इन्हें सक्रिय रखा जाता है।

11. बैंक बोर्ड ब्यूरो की स्थापना कब की गई थी?
(अ) फरवरी 2016
(ब) मार्च 2016
(स) फरवरी 2020
(द) मार्च 2020
उत्तर - (अ) फरवरी 2016
व्याख्या - यह एक स्वायत्त निकाय है, जिसका गठन सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के शासन में सुधार करने के लिये नायक समिति की सिफारिशों के आधार पर किया गया था।

12. प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की कार्यान्वयन एजेंसी है -
(अ) भारतीय रिजर्व बैंक
(ब) लघु उद्योग विकास बैंक ऑफ इंडिया
(स) नाबार्ड
(द) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक
उत्तर - (ब) लघु उद्योग विकास बैंक ऑफ इंडिया
व्याख्या - यह योजना शहरी क्षेत्रों के स्ट्रीट वैंकरों के लिये 10,000/- तक का ऋण देने से संबंधित है, जो आत्मनिर्भर भारत का हिस्सा है।

13. राष्ट्रीय निवेश और बुनियादी ढाँचा कोष (NIIF) की स्थापना कब हुई?
(अ) फरवरी 2015
(ब) फरवरी 2016
(स) फरवरी 2017
(द) फरवरी 2018।
उत्तर - (अ) फरवरी 2015
व्याख्या - यह कोष भारत का पहला बुनियादी ढांचा कोष है, जिसकी स्थापना भारत सरकार ने की है। यह कोष हरित ऊर्जा, वहनीय और मध्यम आय वाले आवास, सामाजिक बुनियादी ढांचा, विनिर्माण और रसद तथा अवसंरचना सेवाओं के लिये निधि प्रदान करता है।

14. भौगोलिक संकेत (GI tag) किसको दिये जाते हैं?
(अ) कृषि उत्पाद (ब) खाद्य पदार्थों
(स) हस्तशिल्प (द) उपरोक्त सभी।
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी
व्याख्या - उन उत्पादों को यह संकेत मिलते हैं, जिनकी एक विशिष्ट भौगोलिक पहचान होती है। जैसे दार्जिलिंग चाय।

15. निम्न में से किसे 'विस्तारित अप्रत्यक्ष कृषि सब्सिडी' माना जा सकता है?
(अ) कृषकों को प्रशिक्षण
(ब) कृषि ऋण माफी
(स) कृषि अनुसंधान में निवेश
(द) उपरोक्त सभी।
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी।

16. कृषि लागत और मूल्य आयोग की स्थापना कब हुई थी?
(अ) 1965 (ब) 1991
(स) 2015 (द) 2019
उत्तर - (अ) 1965
व्याख्या - यह भारत सरकार के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के अधीन कार्य करता है। यह फसलों के लिये न्यूनतम कीमत तय करता है।

17. भारत के बाहरी ऋण का सबसे बड़ा घटक निम्न में से कौनसा ऋण है?
(अ) अमेरिकी डॉलर
(ब) भारतीय रुपया
(स) येन
(द) यूरो
उत्तर - (अ) अमेरिकी डॉलर
व्याख्या - 30 जून 2020 को अमेरिकी डॉलर ऋण की 54 प्रतिशत के लगभग हिस्सेदारी थी। दूसरे स्थान पर भारतीय रुपया 32 प्रतिशत आता है।

18. निम्न में से सही कथन बताइये -
(अ) एंटी डंपिंग एक संरक्षणवादी प्रशुल्क है, जिसे एक घरेलू सरकार विदेशी आयात पर लगाती है।
(ब) भारत में व्यापार उपचार महानिदेशालय डंपिंगरोधी जांच करता है।
(स) यह वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत आता है।
(द) उपरोक्त सभी।
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी
व्याख्या - डंपिंग ऐसी प्रक्रिया होती है, जब एक कंपनी किसी उत्पाद का मूल्य निर्यात करने पर काफी कम रखती है, जो घरेलू बाजार में काफी अधिक होता है।

19. टीज़र लोन (Teaser Loan) क्या होते हैं -
(अ) उच्च ब्याज दर पर ऋण।
(ब) ऋण जिसकी पहले कुछ वर्षों के लिये ब्याज दर कम होती है, फिर ब्याज दर में वृद्धि की जाती है।
(स) कम ब्याज दर पर ऋण।
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं।
उत्तर - (ब) ऋण जिसकी पहले कुछ वर्षों के लिये ब्याज दर कम होती है, फिर ब्याज दर में वृद्धि की जाती है।

20. भारत में खुदरा भुगतान और निपटान प्रणाली के संचालन के लिये वर्तमान में कौनसा संगठन कार्यरत है -
(अ) नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया
(ब) भारतीय रिजर्व बैंक
(स) भारतीय बैंक संघ
उत्तर - (अ) नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया
व्याख्या - भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम 2007 के तहत इसकी स्थापना भारतीय रिजर्व बैंक तथा भारतीय बैंक संघ ने मिलकर की है। यह गैर लाभकारी कंपनी है।

21. भुगतान अंतरण के बारे में निम्न में से सत्य कथन बताइये -
(अ) यह देश के निवासियों को निःशुल्क प्राप्त होते हैं।
(ब) इसमें उपहार एवं अनुदान सम्मिलित हैं।
(स) इन्हें सरकार द्वारा या विदेश में रहने वाले नागरिकों द्वारा प्रदान किया जा सकता है।
(द) उपरोक्त सभी।
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी

22. 'उत्कर्ष 2022' किससे संबंधित है-
(अ) कर प्रणाली
(ब) बैंकिंग प्रणाली
(स) शासन प्रणाली
(द) विदेश नीति
उत्तर - (ब) बैंकिंग प्रणाली
व्याख्या - केन्द्रीय बैंक अर्थात् भारतीय रिजर्व बैंक के विनियमन पर्यवेक्षण में सुधार के लिये तैयार किया गया, यह तीन वर्षीय रोडमैप है।

23. 'स्विफ्ट कोड' किससे संबंधित है-
(अ) पेमेंट गेट वे
(ब) अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग लेनदेन
(स) टोल प्लाजा
(द) क्यूआर कोड
उत्तर - (ब) अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग लेनदेन
व्याख्या - SWIFT - 'Society for worldwide interbanking financial telecommunication' की मुख्य भूमिका बैंकों के बीच एक सुरक्षित हस्तांतरण चैनल स्थापित करना है।

24. जीरो कूपन बांड क्या होते हैं -
(अ) यह एक ऋण प्रतिभूति होते हैं, जिन पर किसी प्रकार के ब्याज का भुगतान नहीं किया जाता है।
(ब) यह विशेष प्रकार के बांड होते हैं, जो केवल केन्द्र सरकार द्वारा विशेष रूप से किसी विशेष संस्थान को जारी किये जाते हैं।
(स) उपरोक्त दोनों
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ) यह एक ऋण प्रतिभूति होते हैं, जिन पर किसी प्रकार के ब्याज का भुगतान नहीं किया जाता है।
व्याख्या - इन बांडों पर आवधिक ब्याज भुगतान नहीं किया जाता है। परिपक्वता पर निवेशक को अंकित मूल्य के बराबर मूल्य प्राप्त होता है।

25. कृषि उपज बाजार समिति की स्थापना किसके द्वारा की जाती है -
(अ) भारत सरकार
(ब) राज्य सरकार
(स) स्थानीय सरकार
(द) किसान उत्पादक संगठन
उत्तर - (ब) राज्य सरकार

26. 'इन्वेस्ट इंडिया' की स्थापना कब की गई थी?
(अ) 2009 (ब) 2015
(स) 2018 (द) 2020
उत्तर - (अ) 2009
व्याख्या - यह औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग, वाणिज्य और उद्योग विभाग के तहत स्थापित किया गया और गैर लाभकारी संगठन है।

- डॉ. माया राठी
(लेखिका, शा. महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय, भोपाल में अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका हैं।)

मेरा संकल्प है कि प्रदेश में हम अनाथ शब्द नहीं रहने देंगे - मुख्यमंत्री

भोपाल, प्रेम, स्नेह और आत्मीयता का अद्भुत त्योहार राखी हमें आश्वस्त करता है कि हम अकेले नहीं हैं। कोविड महामारी के दौरान कई बच्चों को माता-पिता अकेले छोड़ कर चले गए। पिछली दीवाली हमने इन सब बच्चों के साथ मुख्यमंत्री निवास में मनाई थी। इस वर्ष हम राखी साथ मना रहे हैं। तुम्हारे मामा, राज्य सरकार और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आशीर्वाद आप सबके साथ है। मेरा यह संकल्प है कि प्रदेश में हम अनाथ शब्द नहीं रहने देंगे। बच्चों आप अपने आप को कभी अकेला मत समझना। दुनिया में बहुत से महापुरुष ऐसे हुए हैं, जिन्होंने बचपन में ही अपने माता-पिता को खो दिया और कई कठिनाइयों का सामना किया, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। जीवन में कठिनाइयों का सामना करते हुए उपलब्धियाँ अर्जित की और अपना नाम, कार्य तथा विचार स्थापित किए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 'मेरी राखी शिवराज मामा के घर' मनाने मुख्यमंत्री निवास आए बच्चों से चर्चा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप बड़े से बड़ा काम कर सकते हैं। हम ठान लें कि हमें क्या करना है। मेरा विश्वास है कि व्यक्ति जो सोचता है, उस दिशा में दृढ़ प्रतिज्ञ होकर निरंतर प्रयासरत करने से वह अपने विचार के अनुसार लक्ष्य प्राप्त करने में सफल होता है। श्री चौहान ने कहा कि मन लगा कर पढ़ें और खेलें। प्रत्येक व्यक्ति में कोई न कोई प्रतिभा अवश्य होती है, उसे पहचानें और उसे निखारने का निरंतर प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल विहारी वाजपेयी की कविता की पंक्तियां 'कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती' का उल्लेख करते हुए कहा कि बच्चों कभी निराश मत होना, पढ़ो, लिखो, आगे बढ़ो और नाम रोशन करो।

मुख्यमंत्री ने 'मेरी राखी शिवराज मामा के घर' मनाने आए बच्चों का निवास परिसर में फूल बरसा कर स्वागत किया। श्री चौहान ने कोरोना संक्रमण में माता-पिता को खोने वाले बच्चों को राखी मनाने के लिए मुख्यमंत्री निवास आमंत्रित किया था। श्री चौहान ने इन बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए ऐसे व्यक्तियों के बारे में जानकारी दी, जिन्होंने किसी भी परिस्थिति में हार नहीं मानी इससे बच्चों में उत्साह, उमंग और विश्वास का संचार किया। मुख्यमंत्री ने मिल्खा सिंह, स्वामी शिवांग, दीपा मलिक, इरावन सिंघल, अब्राहम लिंकन, स्टीफन हॉकिंग, रजनीकांत, स्टीव जॉब्स, वाल्ट डिज्नी, तीरंदाज राकेश कुमार, अरुणिमा सिन्हा और नेल्सन मंडेला की उपलब्धियों के बारे में बताया। श्री चौहान को बच्चों ने राखी बांधी और मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों को उपहार भेंट किए।

बीसीसीआई ने घरेलू क्रिकेट के नये सत्र का कैलेंडर किया जारी

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने घरेलू क्रिकेट के नये सत्र का कैलेंडर घोषित कर दिया है। नये सत्र में छह महीने के दौरान कुल 1500 मुकाबले खेले जायेंगे। नये सत्र की शुरुआत 8 सितम्बर, 2022 को दलीप ट्रॉफी से होगी। दलीप ट्रॉफी 22 सितम्बर तक चलेगा। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बताया कि दलीप ट्रॉफी की लगभग तीस वर्ष बाद वापसी हुई है। दलीप ट्रॉफी में छह जोन के बीच नॉकआउट मैच खेले जायेंगे।

दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड से जीती ट्वेंटी-20 सीरीज

ब्रिस्टल, दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के बीच खेली गई दो मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज को दक्षिण अफ्रीका ने 2-0 से जीत लिया है। दक्षिण अफ्रीका ने सीरीज के दूसरे और अंतिम मैच में आयरलैंड को 44 रन से हराया। दक्षिण अफ्रीका ने मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 182 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका के लिये रीजा हैंड्रिक्स ने सर्वाधिक 42 रन बनाये। इनके अलावा हेनरिक क्लासेन ने 39, डेविड मिलर ने 32 और एडेन मार्क्रम ने 27 रनों की उपयोगी पारियां खेलीं। बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की टीम दबाव में बिखर गई। आयरलैंड के चार विकेट महज 40 रन के अंदर गिर गये। इसके बाद हैरी टेक्टर (34) और कर्टिस कैम्फर (19) ने पारी को संभाला। इन दोनों के आउट होने के बाद आयरिश पारी बिखर गई।

निक किर्गियोस ने जीता वॉशिंगटन ओपन खिताब

वॉशिंगटन, ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी खिलाड़ी निक किर्गियोस ने वॉशिंगटन सिटी ओपन का खिताब अपने नाम किया है। किर्गियोस ने टूर्नामेंट के फाइनल में जापान के योशिहितो निशियोका को लगातार सेट में 6-4, 6-3 से हराया। इससे पहले किर्गियोस ने सेमीफाइनल में स्वीडन के माइकल येमेर को तथा निशियोका ने रूस के आंद्रे रूबलेव को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में निशियोका किर्गियोस के सामने कोई भी चुनौती नहीं पेश कर पाये और आसानी से मुकाबला गवां बैठे। किर्गियोस ने दूसरी बार यह टूर्नामेंट जीता है। इससे पहले किर्गियोस वर्ष 2019 में वॉशिंगटन ओपन के चैंपियन बने थे।

श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या बने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) जुलाई महीने के लिये सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के अवॉर्ड घोषित कर दिये हैं। श्रीलंका के स्पिनर प्रभात जयसूर्या को पुरुष वर्ग में प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया, जबकि इंग्लैंड की ऑलराउंडर एमा लैम्ब को महिला वर्ग में प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड से नवाजा गया है। प्रभात ने जुलाई 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 17 विकेट लिये थे, इसके अलावा उन्होंने अपने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने पदार्पण टेस्ट मैच की दोनों पारियों में 6-6 विकेट झटके थे। प्रभात अपने टेस्ट कॅरियर में महज 3 मैचों में 29 विकेट ले चुके हैं। जुलाई माह में आईसीसी प्लेयर ऑफ मंथ अवॉर्ड के लिये प्रभात जयसूर्या के अलावा इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो और फ्रांस के गुस्ताव मैक्कॉन को भी नामांकित किया गया था।

राष्ट्रमंडल खेल-2022

भारत ने पदक तालिका में हासिल किया चौथा स्थान

बर्मिंघम, राष्ट्रमंडल खेल-2022 में भारतीय एथलीटों का प्रदर्शन शानदार रहा। भारत ने प्रतियोगिता में 22 स्वर्ण, 16 रजत और 23 कांस्य पदक सहित कुल 61 पदक अपने नाम कर पदक तालिका में चौथा स्थान हासिल किया। इस बार राष्ट्रमंडल खेलों में निशानेबाजी और तीरंदाजी शामिल नहीं थे, इसके बावजूद भारत ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हालांकि भारत राष्ट्रमंडल खेल-2018 के प्रदर्शन को दोहरा नहीं सका। तब भारत को 26 स्वर्ण सहित 66 पदक मिले थे। भारत ने राष्ट्रमंडल खेल-2018 में निशानेबाजी में 7 स्वर्ण सहित 16 पदक जीते थे। इस बार भारत ने लॉन बॉल, एथलेटिक्स और पावर लिफ्टिंग जैसे खेलों में बेहतर प्रदर्शन किया है।

राष्ट्रमंडल खेल-2022 में ऑस्ट्रेलिया ने 67 स्वर्ण, 57 रजत और 54 कांस्य सहित 178 पदक जीतकर पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया। वहीं इंग्लैंड ने 57 स्वर्ण, 66 रजत और 53 कांस्य सहित 176 पदक जीते। कनाडा ने 26 स्वर्ण, 32 रजत और 34 कांस्य सहित 92 पदक जीतकर तीसरा स्थान हासिल किया।

कुश्ती में भारत का दमदार प्रदर्शन

कुश्ती हमेशा से भारत के लिये पदक दिलाने वाला खेल रहा है। भारतीय पहलवानों

ने राष्ट्रमंडल खेल में बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कुश्ती में 12 पदक स्पर्धाएं थीं, भारतीय पहलवानों ने सभी स्पर्धाओं में पदक जीते। कुश्ती में भारत के लिये बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक, दीपक पूनिया, रवि कुमार दाहिया, विनेश फोगाट और नवीन मलिक ने स्वर्ण पदक जीते। वहीं अंशु मलिक ने महिलाओं की 57 किलोग्राम भारवर्ग स्पर्धा में रजत पदक जीता। दिव्या काकरान, मोहित ग्रेवाल, पूजा गहलोत, पूजा सिहाग और दीपक नेहरा ने भारत को कुश्ती में कांस्य पदक दिलाए।

सिंधु और लक्ष्य ने जीता स्वर्ण पदक

बैडमिंटन में भी भारत का प्रदर्शन लाजवाब रहा। भारत ने बैडमिंटन में 3 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य पदक जीते। भारत के युवा शटलर लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल वर्ग में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। लक्ष्य ने पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में मलेशिया के नग त्जे योंग को 19-21, 21-9, 21-16 से हराया। इस स्पर्धा में भारत के किदांबी श्रीकांत ने कांस्य पदक अपने नाम किया। महिला एकल वर्ग का खिताब भारत की स्टार शटलर पी.वी. सिंधु ने जीता। पी.वी. सिंधु ने कनाडा की मिशेल ली को हराकर महिला एकल वर्ग का स्वर्ण पदक जीता। भारत ने पुरुष युगल वर्ग में तीसरा स्वर्ण पदक जीता। सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने पुरुष युगल वर्ग में इंग्लैंड को हराकर स्वर्ण पदक जीता। त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने महिला युगल वर्ग में भारत को कांस्य पदक दिलाया।

टेबल टेनिस में शरत ने जीते चार पदक

प्रतियोगिता में भारतीय टेबल टेनिस टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुये 4 स्वर्ण, एक रजत और 2 कांस्य सहित सात पदक जीते। भारतीय टीम के इस प्रदर्शन के हीरो अचंत शरत कमल रहे। शरत ने राष्ट्रमंडल खेल-2022 में तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीता है। टेबल टेनिस में पहला स्वर्ण पदक पुरुष टीम स्पर्धा में मिला। इस टीम में शरत के अलावा हरमीत देसाई, गणाशेकरन साथियान और सानिल शेट्टी भी थे। इसके अलावा मिश्रित युगल

वर्ग में शरत और श्रीजा अकुला की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता, वहीं शरत ने पुरुष एकल वर्ग में भी स्वर्ण पदक जीता। पैरा खिलाड़ी भाविना पटेल ने टेबल टेनिस एकल C3-5 स्पर्धा में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। शरत और साथियान की जोड़ी ने पुरुष युगल वर्ग में भारत को रजत पदक दिलाया।

मुक्केबाजी में महिला मुक्केबाजों का जलवा

राष्ट्रमंडल खेलों में मुक्केबाजी में भारतीय महिला मुक्केबाजों का जलवा रहा। भारत ने मुक्केबाजी में 3 स्वर्ण, एक रजत और 3 कांस्य सहित 7 पदक अपने नाम किये। भारत के लिये अमित पंघाल ने पुरुष फ्लाईवेट वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, वहीं नीतू घंघास और निखत जरीन ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। सागर अहलावत ने पुरुष सुपर हेवीवेट वर्ग में रजत पदक जीता, वहीं जैसमीन लैंबोरिया, मोहम्मद हसमुद्दीन और रोहित टोकस ने कांस्य पदक अपने नाम किये।

भारत का प्रदर्शन

खेल	स्वर्ण	रजत	कांस्य	कुल
कुश्ती	6	1	5	12
टेबल टेनिस	4	1	2	7
भारोत्तोलन	3	3	4	10
मुक्केबाजी	3	1	3	7
बैडमिंटन	3	1	2	6
एथलेटिक्स	1	4	3	8
लॉन बॉल्स	1	1	0	2
पैरा पॉवर-लिफ्टिंग	1	0	0	1
जूडो	0	2	1	3
हॉकी	0	1	1	2
क्रिकेट	0	1	0	1
स्क्वॉश	0	0	2	2
कुल	22	16	23	61

एथलेटिक्स में शानदार रहा प्रदर्शन

राष्ट्रमंडल खेलों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भारतीय एथलीटों ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया। भारत ने एथलेटिक्स में एक स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य सहित आठ पदक जीते। भारत के एल्डोस पॉल ने पुरुष तिहरी कूद स्पर्धा में 17.03 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता। इस स्पर्धा में भारत के अब्दुल्ला अबुकर ने रजत पदक हासिल किया। इनके अलावा अविनाश साबले ने 3 हजार मीटर स्टीपल चेज में मुरली श्रीशंकर ने लंबी कूद में और प्रियंका गोस्वामी ने 10 हजार मीटर वॉक स्पर्धा में रजत पदक जीते।

राष्ट्रमंडल खेलों में भारत को क्रिकेट और हॉकी में मिले पदक

बर्मिंघम, राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार शामिल किये गये महिला क्रिकेट में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुये रजत पदक जीता, इसके अलावा भारत ने महिला हॉकी में भी पहली बार पदक अपने नाम किया।

राष्ट्रमंडल खेलों में महिला क्रिकेट स्पर्धा में भारत और ऑस्ट्रेलिया ने फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 161 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया के लिये बेथ मूनी (61), मेगलेनिंग (36) और एश्ले गार्डनर (25) ने उपयोगी पारियां खेलीं। इसके जवाब में भारत की शुरुआत खराब रही। भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (11) और स्मृति मंधाना (6) 22 रन के भीतर पवेलियन लौट गईं। इसके बाद जेमिमाह रोड्रिगेज (33) और हरमनप्रीत कौर (65) ने पारी को संभाला। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद भारतीय पारी बिखर गई।

महिला हॉकी टीम ने जीता कांस्य, पुरुष टीम को रजत

राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय महिला टीम का प्रदर्शन सराहनीय रहा। भारतीय टीम ने ग्रुप स्तर पर टॉप-2 में रहते हुये सेमीफाइनल में जगह बनाई, सेमीफाइनल में भारत को ऑस्ट्रेलिया के हाथों पेनाल्टी शूटआउट में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद भारतीय टीम कांस्य पदक के लिये न्यूजीलैंड से भिड़ी। इस मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को 2-1 से हराकर कांस्य पदक पर कब्जा किया। राष्ट्रमंडल खेलों में महिला हॉकी वर्ग में भारत का यह पहला पदक है। वहीं पुरुष हॉकी टीम ने राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता।

एशिया कप के लिये भारतीय टीम में विराट और राहुल की वापसी

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 27 अगस्त से संयुक्त अरब अमीरात में खेले जाने वाले एशिया कप के लिये भारतीय ट्वेंटी-20 क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। टीम में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली तथा के.एल. राहुल की वापसी हुई है। टीम की कमान रोहित शर्मा संभालेंगे, जबकि उपकप्तानी का जिम्मा एक बार फिर के.एल. राहुल संभालेंगे।

राहुल लगभग 10 महीने बाद ट्वेंटी-20 मैच खेलने उतरेंगे। उन्होंने आखिरी ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच 19 नवम्बर, 2021 को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। राहुल आईपीएल के बाद चोटिल हो गये थे, वहीं पूर्व कप्तान विराट कोहली को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली गई वन-डे और ट्वेंटी-20 सीरीज से आराम दिया गया था। विराट काफी समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। ऐसे में विराट के पास एशिया कप में अपनी फॉर्म वापस पाने और आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्व कप के लिये टीम में जगह बनाये रखने का मौका होगा। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल चोट के चलते टीम से बाहर हो गये हैं, जबकि मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर टीम में जगह नहीं बना सके। इनके अलावा ईशान किशन और संजू सैमसन को भी टीम से बाहर किया गया है।

भारतीय टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), के.एल. राहुल (उपकप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, दीपक हुड्डा, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पंड्या, रविन्द्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, रवि विश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह और आवेश खान। **स्टैंड बाय खिलाड़ी-** श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल और दीपक चाहर।

भारत-वेस्टइंडीज ट्वेंटी-20 सीरीज

भारत ने 4-1 से जीती सीरीज

लॉडरहिल, भारतीय क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज दौरे पर शानदार प्रदर्शन करते हुये वन-डे सीरीज के बाद ट्वेंटी-20 सीरीज अपने नाम की है। भारत ने पांच मैचों की ट्वेंटी-20 पर 4-1 से कब्जा किया। भारत ने सीरीज के पांचवें और अंतिम मैच में वेस्टइंडीज को हराया।

मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। रोहित शर्मा की जगह टीम में शामिल किये गये सलामी बल्लेबाज ईशान किशन अवसर का फायदा नहीं उठा सके और महज 11 रन ही बना सके। इसके बाद श्रेयस अय्यर (64) और दीपक हुड्डा (38) ने पारी को आगे बढ़ाया और दूसरे विकेट के लिये 76 रनों की साझेदारी की। कप्तान हार्दिक पंड्या की 28 रनों के तेज-तर्रार पारी के बदौलत भारतीय टीम निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 188 रन में सफल रही।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। सलामी बल्लेबाज जेसन होल्डर पहले ओवर में ही बिना खाता खोले अक्षर पटेल का शिकार बने। इसके बाद अक्षर ने अपने तीसरे ओवर में शमारा ब्रूक्स (13) और डेवोन थॉमस (10) को आउट करके वेस्टइंडीज को दबाव में ला दिया। वेस्टइंडीज के लिये शिमरन हेटमाएर अकेले संघर्ष करते नजर आये। हेटमाएर ने 35 गेंदों में 56 रनों की बेहतरीन पारी खेली, लेकिन अन्य बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे पाये। वेस्टइंडीज की पारी महज 15.4 ओवर में 100 रन पर सिमट गई।

इससे पहले सीरीज का पहला ट्वेंटी-20 मैच भारत ने 68 रन से जीता, वहीं दूसरा ट्वेंटी-20 मैच वेस्टइंडीज ने 5 विकेट से जीता। इसके बाद भारत ने तीसरा ट्वेंटी-20 मैच 7 विकेट तथा चौथा ट्वेंटी-20 मैच 59 रन से अपने नाम किया था।

- **पांचवें ट्वेंटी-20 मैच में वेस्टइंडीज के सभी 10 विकेट भारतीय स्पिनरों ने लिये।**
- **ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में यह पहला अवसर है, जब स्पिनरों ने पारी के सभी विकेट झटके हैं।**
- **मैच में रवि विश्नोई ने 4 तथा अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ने 3-3 विकेट लिये।**

विश्व जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप

सेल्वा और रूपल ने जीते पदक

कोलंबिया, भारत के युवा एथलीटों ने कोलंबिया में आयोजित विश्व जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया है। भारत ने इस प्रतियोगिता में दो रजत और एक कांस्य सहित तीन पदक जीते। प्रतियोगिता में भारत के सेल्वा थिरूमारन ने पुरुष तिहरी कूद स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक जीता। सेल्वा ने 16.15 मीटर की छलांग लगाई जो उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इसके अलावा भारत की रूपल चौधरी ने महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में भारत को कांस्य पदक दिलाया। रूपल ने इस स्पर्धा में 51.85 सेकेंड में 400 मीटर की दूरी तय की। टूर्नामेंट में भारत ने मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर स्पर्धा में रजत पदक जीता है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

बांग्लादेश में ईंधन की कीमतों में 50 फीसदी बढ़ोतरी

बांग्लादेश में ईंधन की खुदरा कीमत 1971 में देश की आजादी के बाद से उच्चतम स्तर पर पहुंच गयी है। ईंधन की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के कारण बांग्लादेश में प्रदर्शन का दौर शुरू हो गया है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार ईंधन की कीमतों में 51.7 प्रतिशत तक की वृद्धि की गयी है। बिजली, ऊर्जा एवं खनिज संसाधन मंत्रालय की एक अधिसूचना के अनुसार एक लीटर ऑक्टेन की कीमत 135 टका (यानी 1.43 डॉलर) है, जो इससे पहले 89 टका (0.94 डॉलर) प्रति लीटर थी। जिसमें 51.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं, डीजल और केरोसीन के दाम में 42.5 फीसदी की बढ़ोतरी होने से इसके दाम 114 टका (1.20 डॉलर) प्रति लीटर हो गए हैं। इसके अलावा पेट्रोल की कीमत 130 टका (1.37 डॉलर) प्रति लीटर हो गयी है। इससे पहले पेट्रोल प्रति लीटर 44 टका था। पेट्रोल की कीमतों में 51.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अधिकारियों ने बताया कि खुदरा स्तर पर ईंधन के दामों में बढ़ोतरी सरकारी वितरण कंपनियों पर सब्सिडी का बोझ कम करने के लिए किया गया है। सरकार के इस फैसले के खिलाफ कई विरोधी मार्च निकाले गए, वहीं आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने देश के विभिन्न पेट्रोल पंपों का घेराव भी किया।

नीति आयोग की संचालन परिषद् की सातवीं बैठक संपन्न

भारत ने दुनिया के विकासशील देशों को एक शक्तिशाली संदेश दिया : प्रधानमंत्री

नीति आयोग की संचालन परिषद् (जीसी) की सातवीं बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा,

- **जी-20 के इतिहास में पहली बार भारत न केवल दिल्ली में, बल्कि हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में जी-20 बैठकों की मेजबानी करेगा।**
- **कोविड महामारी की शुरुआत के बाद से संचालन परिषद् की यह पहली बैठक थी, इससे पहले 2021 की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई थी।**
- **इस बैठक में 23 मुख्यमंत्रियों, 3 उपराज्यपालों, 2 प्रशासकों और केंद्रीय मंत्रियों ने भाग लिया। बैठक का संचालन रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने किया।**

'हर राज्य ने अपनी ताकत के अनुसार अहम भूमिका निभाई और कोविड के खिलाफ भारत की लड़ाई में योगदान दिया। इसने भारत को विकासशील देशों के लिए एक वैश्विक नेता के रूप में देखने के लिए एक उदाहरण के रूप में उभरने का मौका दिया।'

उद्घाटन भाषण में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की संघीय संरचना और सहकारी संघवाद कोविड संकट के दौरान दुनिया के लिए एक मॉडल के रूप में उभरा। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया के विकासशील देशों को एक शक्तिशाली संदेश दिया है कि सीमित संसाधनों के बावजूद चुनौतियों से पार पाना संभव है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसका श्रेय राज्य सरकारों को जाता है, जिन्होंने आपसी सहयोग के माध्यम से लोगों को सार्वजनिक सेवाओं के जमीनी स्तर पर वितरण पर ध्यान केंद्रित किया।

इस वर्ष नीति आयोग की संचालन परिषद् ने चार प्रमुख एजेंडों पर चर्चा की :

1. फसल विविधीकरण और दलहन तिलहन तथा अन्य कृषि उपजों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना।
2. स्कूली शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) का कार्यान्वयन।
3. उच्च शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का कार्यान्वयन।
4. शहरी शासन।

प्रधानमंत्री ने उपरोक्त सभी मुद्दों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से भारत को आधुनिक कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता बताई ताकि कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर और वैश्विक मार्गदर्शक बन सकें। उन्होंने कहा कि शहरी भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए जीवन की सुगमता पारदर्शी सेवा वितरण और जीवन की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर तेजी से बढ़ते शहरीकरण को कमजोरी के बजाय भारत की ताकत बनाया जा सकता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 2023 में भारत के जी-20 की अध्यक्षता करने के बारे में भी बात की। उन्होंने इसे दुनिया को यह दिखाने का एक अनूठा अवसर बताया कि भारत सिर्फ दिल्ली नहीं है, इस में देश का हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश शामिल है।

समापन भाषण में प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रत्येक राज्य को दुनियाभर में हर भारतीय मिशन के माध्यम से अपने 3टी- ट्रेड (व्यापार), टूरिज्म (पर्यटन), टेक्नोलॉजी (प्रौद्योगिकी) को बढ़ावा देने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्यों को आयात कम करने, निर्यात बढ़ाने और इसके लिए हर राज्य में अवसरों की तलाश करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बैठक में चर्चा किए गए मुद्दे अगले 25 वर्षों के लिए राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को परिभाषित करेंगे। उन्होंने कहा कि आज हम जो बीज बोएंगे, वह 2047 में भारत द्वारा काटे गए फलों को परिभाषित करेगा।

भारत में पहली बार अमेरिकी नौसेना के जहाज की मरम्मत

अमेरीकी नौसेना का पोत चार्ल्स ड्रू मरम्मत और रखरखाव के लिए भारतीय सागर तट पर चेन्नई के निकट एन्नोर स्थित कात्तूपल्ली शिपयार्ड पहुंचा है। यह पहला अवसर है जब अमेरीकी नौसेना का कोई पोत भारतीय शिपयार्ड में मरम्मत के लिए लाया गया है। यह विश्व बाजार में जल पोत मरम्मत की भारतीय क्षमता को दर्शाता है। आधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए भारतीय शिपयार्ड जलपोतों की किफायती देखरेख और मरम्मत सुविधाएं उपलब्ध कराने में सक्षम है। रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार ने कहा कि 'भारत में लगभग 2 अरब डॉलर के कारोबार के साथ छह प्रमुख शिपयार्ड हैं। हम न केवल अपनी जरूरतों के लिए जहाज बना रहे हैं । हमारा अपना डिज़ाइन हाउस है, जो सभी प्रकार के अत्याधुनिक जहाज बनाने में सक्षम है। देश का पहला स्वदेशी विमान वाहक पोत विक्रांत भारतीय जहाज निर्माण उद्योग के विकास का एक शानदार उदाहरण है। जहाज निर्माण उद्योग पारंपरिक चीजों को अंजाम दे रहा है।

यूक्रेन में परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर गोलाबारी

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख ने यूक्रेन में एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर की गई गोलाबारी के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त की है। एक बयान में एजेंसी के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रोसी ने कहा कि यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष, तबाही का रूप ले चुका है। उन्होंने बताया कि यूक्रेन के दक्षिण में स्थित ज़ैपसोरिज़िया परमाणु संयंत्र पर कब्जे को लेकर चल रही लड़ाई से व्यापक तबाही की आशंका बढ़ गई है। युद्ध की शुरुआत में इस संयंत्र पर रूस की सेना ने कब्जा कर लिया था, लेकिन इसे अब भी यूक्रेन के तकनीशियनों द्वारा ही चलाया जा रहा है। यूक्रेन की सरकारी परमाणु ऊर्जा कंपनी एनरगोएटम ने नुकसान के लिए रूस को दोषी ठहराया है, जबकि रूस के रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन की सेना पर संयंत्र पर गोलाबारी का आरोप लगाया है।

आकाश एयर की पहली उड़ान

भारत विमान उद्योग के लोकतंत्रीकरण का गवाह बन रहा है

नागर विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया और नागर विमानन राज्य मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) वी.के. सिंह ने

- **एसएनवी एविएशन के ब्रांड नाम के साथ आकाश एयर 7वीं अनुसूचित विमानन कंपनी है, जिसका कॉर्पोरेट मुख्यालय मुंबई में है और उसके पास बोइंग मैक्स-8 एयर क्राफ्ट है।**

आकाश एयर की मुंबई से अहमदाबाद के लिए पहली उड़ान (क्यूपी-1101) को हरी झंडी दिखाकर वर्चुअल माध्यम से शुभारम्भ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कहा, 'यह पहली उड़ान भारत के नागर विमानन इतिहास में एक नई सुबह है। यह प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता और दूरदर्शी लक्ष्य एवं उत्साह ही है, जिससे भारत में पहली बार नागर विमानन का लोकतंत्रीकरण देखने को मिला है। इससे पहले इस उद्योग को अभिजात्य वर्ग का माना जाता था, लेकिन अब उनके विजन के चलते बीते आठ साल में नागरिक उड्डयन में पहुंच, उपलब्धता सामर्थ्य और समावेशिता के मामले में एक ऐसा बदलाव देख रहे हैं, जो हमने पहले कभी नहीं देखा था। इस नए हालात में मैं आकाश एयर का स्वागत करता हूं और मुझे भरोसा है कि आने वाले दिनों में आकाश एयर निश्चित रूप से एक अहम मुकाम हासिल करेगी।'

उपराष्ट्रपति चुनाव- 2022

भारत के 14वें उपराष्ट्रपति चुने गए श्री जगदीप धनखड़

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के प्रत्याशी श्री जगदीप धनखड़ देश के 14वें उपराष्ट्रपति चुने गए हैं। श्री धनखड़ को 528 वोट मिले, जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी विपक्षी उम्मीदवार सुश्री मार्ग्रेट अल्वा ने 182 वोट प्राप्त किये। मतदान के लिए पात्र कुल 780 मतदाताओं में से, 725 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिनमें से 15 मतपत्र अवैध घोषित किए गए। उक्त चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर लोकसभा के महासचिव थे, जिन्होंने मतगणना समाप्त होने के बाद 6 अगस्त, 2022 को श्री जगदीप धनखड़ को भारत के अगले उपराष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित घोषित किया। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा केन्द्रीय

मंत्रियों और अन्य नेताओं ने उपराष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने पर श्री धनखड़ को बधाई दी।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उपराष्ट्रपति चुनाव के तुरन्त बाद निर्वाचित उपराष्ट्रपति से दिल्ली में उनके निवास पर भेंट की और शुभकामनाएं दीं। ट्वीट की एक श्रृंखला में, प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री जगदीप धनखड़ जी को सभी दलों के भारी समर्थन से भारत का उपराष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई। मुझे विश्वास है कि वे एक उत्कृष्ट उपराष्ट्रपति होंगे। हमारे देश को उनकी बुद्धिमत्ता और ज्ञान से बहुत लाभ मिलेगा। मैं उन सभी संसद सदस्यों को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने श्री जगदीप धनखड़ को वोट दिया है। ऐसे समय में जब भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, हमें किसान पुत्र के रूप में उपराष्ट्रपति मिलने पर गर्व है, जिनके पास उत्कृष्ट कानूनी ज्ञान और बौद्धिक कौशल मौजूद है।

11 अगस्त को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ को देश के 14वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाई।

संक्षिप्त परिचय

नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ का जन्म 18 मई 1951 को राजस्थान के झुंझुनू जिले में एक किसान परिवार में हुआ। उन्होंने चित्रांडगढ़ सैनिक स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। भौतिक शास्त्र से स्नातक डिग्री हासिल करने के बाद उन्होंने राजस्थान से ही वकालत की डिग्री हासिल की। राजस्थान हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में उन्होंने वकालत की। 1989 में वह पहली बार लोकसभा सांसद बने। झुंझुनू से ही उन्होंने लोकसभा की सीट जीती। वर्ष 1990 में वह संसदीय राज्यमंत्री बने। अजमेर जिले के किशनगढ़ विधान सभा से वर्ष 1993 में राजस्थान विधानसभा के लिए चुने गए। वर्ष 2019 में उन्हें पश्चिम बंगाल का राज्यपाल बनाया गया था।

उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू को दी गई विदाई

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा में उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू की विदाई में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने उपराष्ट्रपति, जो उच्च सदन के पदेन सभापति हैं, को भावभीनी विदाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आप तो देश के एक ऐसे उपराष्ट्रपति हैं, जिसने अपनी सभी भूमिकाओं में हमेशा युवाओं के लिए काम किया है। आपने सदन में भी हमेशा युवा सांसदों को आगे बढ़ाया, उन्हें प्रोत्साहन दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, उपराष्ट्रपति के रूप में आपने युवा कल्याण के लिए काफी समय दिया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : युगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक राघवेन्द्र कुमार सिंह, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।